दिल्ली, मुंबई और अन्य शहरों में मकानों के खरीदार तेजी से खुद को ऐसी स्थिति में पा रहे हैं कि उनके पास अपने सपनों के घर का निर्माण पूरा होने का इंतजार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वहीं कुछ खरीदार अदालतों के दरवाजे खटखटा रहे हैं, उम्मीद और प्रार्थना कर रहे हैं कि फैसला भवन निर्माण किए जाने या रिफंड के रूप में आएगा। बेशक, द रियल एस्टेट (रेग्यूलेशन ऐंड डेवलपमेंट) ऐक्ट, 2016 ने रेरा की स्थापना की है और बिल्डरों और डेवलपर्स में धोखाधड़ी न करने को लेकर कानून का भय पैदा किया है। लेकिन उनका क्या जो रेरा के अंतर्गत नहीं आते? एनरॉक कंसल्टेंट्स के अनुमान के मुताबिक 4.6 लाख करोड़ रुपये मूल्य की 5.75 लाख इकाइयां निर्माण के विभिन्न चरणों में अटकी हुई हैं, जिससे दस लाख से अधिक मतदाता प्रभावित होंगे। पिछले हफ्ते रिजर्व बैंक ने बैंकों से कहा है कि वे दिवालिया आईएल ऐंड एफएस को दिए कर्ज के ब्योरे घोषित करें, वह भी उसके भीतर पनप रही गड़बड़ियों के सामने आने और अंततः दिवालिया होने के नौ महीने बाद। इस विवादास्पद छद्म बैंक पर कर्जदाताओं का 94,216 करोड़ रुपये बकाया है और नया बोर्ड चाहता है कि इसका 90 फीसदी माफ कर दिया जाए। बैंकों और बचतकर्ताओं तथा जमाकर्ताओं का जोखिम करीब पचास हजार करोड़ रुपये का है और इसमें से 35,382 करोड़ रुपये पहले से संकट में फंसे सार्वजनिक बैंकों के हैं। वैज्ञानिकों ने संभवतः यह बताने में सफलता हासिल कर ली है कि आखिर ब्लैक होल कैसा दिखता है। वहीं भारत के बैंकर ब्लैक होल्स की शिनाख्त करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दो अप्रैल को फंसे कर्ज (एनपीए) से संबंधित रिजर्व बैंक के 12 फरवरी, 2018 के परिपत्र को रद्द कर दिया। नतीजतन कर्ज के रूप में दिए गए 3.2 लाख करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन को अब परिभाषित नहीं किया जा सकता, अब न यह अच्छा है या बुरा। आखिर यह मुद्दा क्यों? भारत के बैंकों में जनता का 125 लाख करोड़ रुपये उनके खातों में जमा है। हां, यह जमा बीमा के जरिये सुरक्षित है, लेकिन अहम तथ्य यह भी है कि बीमा के तहत सिर्फ एक लाख रुपये का कवर है, बीमित खातों का मूल्य है 32,75,300 करोड़ रुपये और 31 मार्च, 2018 तक डिपाजिट इंश्योरेंस ऐंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन के पास कुल 81,430 करोड़ रुपये थे। हां, निहित सरकारी गारंटी है, लेकिन नियामकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे अपनी बात कहें ताकि प्रणालीगत सुरक्षा किसी सनक का शिकार न हो। जरा इस पर गौर करें जेट एयरवेज ने पिछले हफ्ते अपने विमान जमीन पर उतार दिए, जोकि 18 महीने से संकट से जूझ रही थी और जिस पर कर्जदाताओं का 12,000 करोड़ रुपये बकाया हैं। इस फंसे कर्ज का बड़ा हिस्सा जिन सरकारी बैंकों का है, उन्हें अभी यह एलान करना है कि ये खराब कर्ज है, क्योंकि वे किसी चमत्कार का इंतजार कर रहे हैं!

सिर्फ बैंकों की बात नहीं है। कुछ हफ्ते से म्यूचुअल फंड भी अपने यूनिट धारकों को उनके निवेश को होने वाले संभावित नुकसान के बारे में बता रहे हैं, खासतौर से फिक्स्ड मैच्योरिटी प्लान के बारे में जो कि मध्य वर्ग का सबसे पसंदीदा निवेश है। सार यह है कि भारत की वित्तीय व्यवस्था में ढांचागत खामी है - दीर्घकालिक ऋण के लिए अल्पकालिक निधियों का उपयोग। जब विनियामक का रवाई से तंग आ चुके बैंक, उधार नहीं दे सकते थे, तो उधारकर्ताओं को गैर-बैंक-वित्त कंपनियों द्वारा सेवा दी जाती थी, जो फिर से बैंकों, जमाकर्ताओं और म्यूचुअल फंड से उधार लेते थे। म्यूचुअल फंड की चिंता यह है कि क्या पैसा वापस आएगा। इस वर्ष जनवरी में रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने छह म्यूचुअल फंड को आईएल ऐंड एफएस के सात हजार करोड़ रुपये के बकाए की वजह से निगरानी सूची में रखा था। इस महीने की शुरुआत में क्रिसिल ने डीएचएफएल की रेटिंग गिरा दी, क्योंकि वह फंड जुटाने में कमजोर दिख रहा है।

एनबीएफसी (गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी) द्वारा जारी किए गए कर्ज में म्यूचुअल फंड का निवेश उनके कर्ज और हाइब्रिड फंड में 3.2 लाख करोड़ रुपये है। क्रेडिट सुसी की पिछले हफ्ते की एक रिपोर्ट के मताबिक इसमें से 1.3 लाख करोड़ रुपये का भुगतान अगले तीन महीने में नियत है। रेटिंग कार्रवाई, बढ़ता दबाव और कमजोर तरलता ने सार्वजनिक बचत को जोखिम में डाल दिया है। सात राज्यों, कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, आंध्र प्रदेश और झारखंड ने इन राज्यों के 90 जिलों को सूखा प्रभावित घोषित कर दिया है। मौसम का अध्ययन करने वाले और जलविज्ञान की परिस्थितियों पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों का आकलन है कि भारत का 40 फीसदी हिस्सा सूखे से जूझ रहा है। भारत में वास्तविक समय में सूखा अनुमान प्रणाली का प्रबंधन करने वाले आईआईटी गांधीनगर के वैज्ञानिक मानते हैं कि भारत का 47 फीसदी हिस्सा सूखे का सामना कर रहा है। चुनाव अभियान का कारवां विश्व जल दिवस से होकर गुजर चुका है। किसानों की हताशा का जिक्र हुआ है, लेकिन न तो कोई फौरी राहत और न ही दीर्घकालीन समाधान को शोर शराबे से भरे प्रचार अभियान में कोई जगह मिली है। चुनाव का लंबा दौर भी लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाला मुद्दा है। चुनाव आयोग को चुनाव की व्यापकता और उसकी जटिलता के प्रबंधन के लिए दुनियाभर से उचित ही प्रशंसा मिली है। समान रूप से चुनाव आयोग को पूरे देश में शासन को 73 दिनों के लिए ठप कर देने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में 11 अप्रैल को वोट डाले गए थे, लेकिन उन्हें 42 दिनों के बाद ही नई सरकार मिल सकेगी, जब 23 मई को नतीजे आएंगे। हेनरी एडम्स के शब्दों में सवाल करें तो क्या चुनाव अभियान भाषणों से भरा हुआ नहीं है और भाषण खोखली बातों से?

अंतर्ध्वनि

>> शेरजंग गर्ग

टी हाउस हमारा ड्रॉइंग रूम भी था और डाइनिंग हॉल भी

नई दिल्ली के कनाट प्लेस में रीगल सिनेमा और गेलार्ड, खादी ग्रामोद्योग के ठीक दाहिने कोने पर, संसद मार्ग के बाएं कोने पर और जीवन भारती भवन के सामने बाईं दिशा में कभी यानी आज से साढ़े चार दशक पहले साहित्यकारों, कलाकारों, बुद्धिजीवियों, राजनेताओं का एक अड्डा टी हाउस के नाम से हुआ करता था। टी हाउस की यादों का यह सिलसिला सन साठ की गर्मियों से शुरू होता है। उन दिनों मैं अपने परम आत्मीय मित्र, प्रख्यात लेखक एवं छायाकार ब्रह्मदेव की सिफारिश पर दिल्ली प्रेस में नौकरी पा गया था और सरिता में काम करने लगा था। दफ्तर से छूटते ही हमारे कदम टी हाउस की तरफ बढ़ जाते थे। हम लोगों की मित्र-मंडली में कथाकार सुरेंद्र कुमार मल्होत्रा का जलवा कुछ अलग किस्म का था। विश्वविद्यालीय जीवन में उन्हें कहानी लिखने का चस्का लग गया था। उनकी महत्त्वाकांक्षा का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि उन दिनों मोहन राकेश, राजेन्द्र यादव और कमलेश्वर को अपने प्रबल प्रतिद्वंद्वियों के रूप में देखते थे और व्यक्तिगत मुलाकातों में इस त्रयी की कथा राजनीति की आलोचना किया करते थे। उन्हें इस बात का मलाल भी था कि उनके घनिष्ठ मित्रों में रामावतार त्यागी, बालस्वरूप राही और शेरजंग गर्ग केवल कवि थे, अन्यथा वह भी अपनी चौकड़ी बना सकते थे। वास्तव में टी हाउस की यादों की परतें इतनी सघन हैं कि एक याद समेटते हैं तो दूसरी उभर आती है। यादों का सिलसिला थमने का नाम नहीं लेता। वास्तविकता तो यह है कि टी हाउस हम लोगों के लिए लगभग दूसरा घर था, दफ्तर से छूटकर जाने पर बैठकें जमाने का अड्डा था, दोस्त-मुलाकातियों से भेंट करने की जगह थी, गपशप करने, दुख-दर्द बांटने, दिल बहलाने की स्थली थी। टी हाउस हमारा ड्रॉइंग रूम भी था और डाइनिंग हॉल भी।

-दिवंगत हिंदी साहित्यकार।

मंजिलें और भी हैं

>> रितिका भट्टाचार्य

विश्व बैंक की नौकरी छोड़ लोगों की बेहतरी में लगी

मैं राजनीतिक परिवार से हूं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद मुझे विश्व बैंक में नौकरी मिली। कुछ समय तक नौकरी से मैं बहुत खुश रही। पर कुछ समय के बाद काम करने का मेरा उत्साह फीका पड़ता जा रहा था। हालांकि मैं अपनी नौकरी से खुश और संतुष्ट थी। लेकिन मैं नौकरी के अनुशासन से बंधे रहने के बजाय भारत लौटकर कुछ ऐसा काम करना चाहती थी, जो सार्थक हो। मैं पब्लिक पॉलिसी के क्षेत्र में कुछ करना चाहती थी। इसलिए मैंने भारत आकर स्वनीति इनीशिएटिव नाम से एक संस्था गठित की। भारत में विकास के लिए फंडिंग होती है, इसके बावजूद विकास कार्य न होने की शिकायतें आम हैं। मैं अपनी संस्था के जरिये इसका पता लगाना चाहती थी कि विकास के लिए आया पैसा कहां खर्च होता है, खर्च होता भी है या नहीं।

पहला काम मैंने यह किया कि सांसदों से मिलने-जुलने लगी। चूंकि उनमें से ज्यादातर मेरे पिता से परिचित थे, इसलिए अलग-अलग सांसदों के साथ मुलाकात करने में मुझे कोई परेशानी नहीं हुई। मैं यह देखना चाहती थी कि वे क्या काम करते हैं, उनके इलाके में विकास कार्य कितना और किस तरह हुआ है, आदि। मैंने कृषि, शिक्षा, आजीविका, नवीनीकृत ऊर्जा, समाज कल्याण, पेयजल, स्वास्थ्य और पोषाहार जैसे क्षेत्रों में अलग-अलग सांसदों के कामकाज का अध्ययन करने के साथ-साथ उनका ब्योरा रखना शुरू किया। मैंने उत्तराखंड का दौरा करते हुए पाया कि रोजगार की संभावनाएं न होने के कारण बड़ी संख्या में युवा दूसरे राज्यों का रुख करते हैं। पिंडर घाटी में सात सौ लोग रोजगार विहीन थे। जबकि वहां ढांचागत सुविधाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित योजनाएं थीं, और इस मद में 70 लाख रुपये आवंटित भी हो चुके थे। पर प्रशासन उदासीन था और लोगों को इन योजनाओं के बारे में कुछ मालूम ही नहीं था। प्रशासन से मिलकर मैंने उन्हें यह काम तत्काल शुरू करने के लिए कहा, ताकि विकास कार्यों के साथ स्थानीय युवाओं को, अस्थायी ही सही, लेकिन रोजगार तो मिले। ऐसे ही ओडिशा के पुरी में एक निर्माण परियोजना के लिए सात सौ मजदूरों का रजिस्ट्रेशन हो चुकने के बाद भी आवंटित राशि का 75 प्रतिशत बिना इस्तेमाल के पड़ा था। हमारी संस्था के हस्तक्षेप से वहां काम शुरू हो पाया। झारखंड के गोड्डा जिले में माओवादी प्रभाव वाले एक गांव से नजदीकी रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में आठ घंटे लगते थे, जो स्थानीय लोगों के लिए बेहद कष्टकर था। वहां भी हमने जरूरी हस्तक्षेप किया।

मैंने सत्रह राज्यों में काम किया है और सौ करोड़ रुपये से अधिक के सरकारी फंड का इस्तेमाल कराया है।

आज मेरी संस्था का प्रसार राज्य सरकारों और जिला प्रशासन तक हो गया है। अब तक मैंने देश के सत्रह राज्यों में काम किया है, सौ करोड़ रुपये से अधिक के बगैर इस्तेमाल वाले सरकारी फंड का हमने इस्तेमाल कराया है, और इस प्रक्रिया में अनुमानतः पचास लाख लोग लाभान्वित हुए हैं। सरकारें विकास और जनता की बेहतरी के नाम पर सत्ता में आती हैं, लेकिन बहुत काम नहीं हो पाते। इसकी वजह भ्रष्टाचार भी है, सरकारी अधिकारियों की काहिली भी और जरूरी कर्मचारियों का अभाव भी। लेकिन यह देखने की कोई व्यवस्था तो होनी ही चाहिए कि सरकार द्वारा आवंटित पैसे भी जरूरतमंदों तक क्यों नहीं पहुंच रहे हैं। इस देश में स्वनीति इनीशिएटिव जैसी अनेक संस्थाओं की जरूरत है।

-विभिन्न साक्षात्कारों पर आधारित।

पंचायती राज व लोकसभा चुनाव

पंचायतों को सशक्त करने का अर्थ लोकतंत्र को मजबूत करना तथा स्थानीय स्तर पर आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय की योजना बनाना व उनको लागू करना है। ऐसा नहीं हुआ है और ऐसा लगता है कि इसका असर चुनावी नतीजे पर पड़ेगा।



महीपाल

लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं। विभिन्न संस्थाएं और मीडिया इन चुनावों के नतीजों के बारे में अपनी-अपनी राय दे रहे हैं, पर अधिकतर राय निष्पक्ष नहीं हैं। कोई यह नहीं देख रहा कि देश की लगभग 68 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है। वहां पर पंचायतें स्थानीय शासन की संस्थाएं हैं। इन संस्थाओं के चुनावों में मतों का प्रतिशत भी शत प्रतिशत होता है। पर पंचायतों की ओर कोई ध्यान नहीं है। राजनीतिक पार्टियों द्वारा पंचायतों की ओर ध्यान न देना उनके लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

राजनीतिक दल किसानों एवं मजदूरों का वोट लेने के लिए अनेक तरह के वादे कर रहे हैं। कांग्रेस ने साल में 72,000 रुपये गरीबों के खाते में डालने का वादा किया है। भाजपा ने साल में 6,000 रुपये छोटे एवं सीमांत काश्तकारों के खाते में डालने का वादा किया और पहली किस्त उन्हें दे भी दी। पर उसे पता नहीं कि यह प्रयास घोड़े के सामने गाड़ी खड़े करने जैसा है। अधिकतर छोटे एवं सीमांत किसान खुद खेती न कर बटाई पर जमीन अन्य को देते हैं।

चूंकि बटाई वाला किसान जोखिम झेलता है, अतः उसे ही यह पैसा मिलना चाहिए था। इसका प्रभाव उल्टा भी पड़ सकता है। अगर गांवों में पंचायतों को हस्तांतरित होने वाले पैसे की बंदर बांट न हो, तो किसानों या मजदूरों को अलग से कुछ देने की जरूरत नहीं है। 14 वें वित्त आयोग द्वारा दो लाख करोड़ से अधिक पैसा सिर्फ ग्राम पंचायतों को जा रहा है। ग्रामीण विकास मंत्रालय का 2018-19 का बजट प्रावधान लगभग एक लाख पंद्रह हजार करोड़ था। इसके अलावा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के तहत पैसा पंचायतों को जाता है। ग्राम पंचायतों में वार्ड सदस्य की कोई भागीदारी नहीं है। देश में करीब छह लाख गांव हैं, और करीब ढाई लाख ग्राम पंचायतें हैं। इनमें ग्राम पंचायत के अध्यक्षों को छोड़कर अन्य की भागीदारी न के बराबर है। वार्ड सदस्य असंतुष्ट हैं, क्योंकि गांव के विकास में कोई भागीदारी नहीं है। एक तिहाई से अधिक महिलाएं पंचायतों में विभिन्न पदों पर हैं, पर उनकी भी भागीदारी नहीं है।

ग्राम पंचायतों की बैठकों में वार्ड सदस्यों को बुलाया ही नहीं जाता। प्रत्येक महीने ग्राम पंचायत की बैठक होनी चाहिए, पर ऐसा कहीं नहीं होता। ग्राम पंचायत में कितना पैसा किस-किस मद के लिए आ रहा है और कहां-कहां खर्च हो रहा है, वह गांव में बोर्ड या दीवार पर लिखा जाना चाहिए, ताकि ग्रामीण उसे देख सकें। स्पष्ट है कि सांसद या नेता इस पर ध्यान नहीं देते, जिसका नतीजा इस चुनाव में सामने आएगा।

साफ है कि 'सबका साथ सबका विकास' मात्र नारा है। अभी दिया गया नारा, मैं चौकीदार हूं, तेजी से चलन में है। गांवों के अनेक युवा खुद को चौकीदार कह रहे है। मैं उनसे पूछता हूं कि अगर वे चौकीदार हैं, तो गांवों में पंचायतें सही कार्य क्यों नहीं कर रहीं, उसकी निगरानी करें। क्यों पैसा उचित प्रकार से विकास कार्यों में नहीं लग रहा है, उसकी जांच करें।

राजनीतिक पार्टियों द्वारा पंचायतों की कार्यवाही अधिनियम के अनुसार क्रियात्मक करने की जरूरत है। इस समय पैसे से ज्यादा जरूरी है भागीदारी। पंचायतों को सशक्त करने का अर्थ लोकतंत्र को मजबूत करना तथा स्थानीय स्तर पर आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय की योजना बनाना व उनको लागू करना है। ऐसा नहीं हुआ है और पंचायतें व ग्राम सभाएं खुद को ठगी गई महसूस कर रही हैं। इसका असर चुनावी नतीजे पर पड़ेगा, ऐसा प्रतीत होता है।

हरियाली और रास्ता

श्याम बाबू, पिहू और मीठे सेब

एक मासूम लड़की की कहानी, जो भोली ही नहीं, दिल की भी अच्छी थी।

श्याम बाबू अपने दफ्तर के सम्मानित मैनेजर थे। उच्च वर्ग के अधिकारी तो उनका आदर करते ही थे, दफ्तर में वह इकलौते ऐसे शख्स थे, जिनका निचले वर्ग के कर्मचारी भी सम्मान करते थे। वह सभी को समान भाव से देखते थे। उनका परिवार भी बहुत मिलनसार था।

एक दिन वह अपनी बेटी पिहू के साथ पार्क में गए। पिहू दस साल की थी और ज्यादातर समय अपनी मां के साथ बिताती थी। श्याम बाबू और पिहू देर तक पार्क में बैडमिंटन, फुटबॉल, पकड़म-पकड़ाई आदि खेलते रहे। तभी वहां से एक सेब वाला गुजरा। पिहू ने श्याम बाबू से सेब खाने की इच्छा जताई। श्याम बाबू ज्यादा पैसे लेकर नहीं निकले थे। इसके बावजूद उन्होंने पिहू के लिए दो सेब खरीद लिए। पिहू खूब खुश हुई। श्याम बाबू ने मजाक में कहा, पिहू, एक सेब तुम खा लो और एक पापा को दे दो। यह सुनते ही पिहू के हावभाव बदल गएव। उसने एक सेब उठाया और गप्प से काट लिया। फिर दूसरा सेब भी वह काटने लगी। श्याम बाबू हैरान रह गए। वह सोचने लगे, मैंने तो हमेशा चाहा कि पिहू हर चीज बांटकर खाए। जाने क्या कमी रह गई मेरी परवरिश में कि आज पिहू ऐसी हो गई। पिहू की मां तो ऐसा नहीं सिखा सकतीं। जरूर यह रजनी का काम होगा। रजनी उनके यहां आया थी। तभी उन्होंने देखा कि पिहू ने दाएं हाथ वाला सेब श्याम बाबू की तरफ बढ़ाते हुए कहा, पापा, आप यह सेब खाइए, यह ज्यादा मीठा और रसीला है। श्याम बाबू बोले, पर पिहू, तुमने तो दोनों सेब जूठे कर दिए। पिहू बोली, पापा जूठे नहीं किए। मैं तो सिर्फ यह देख रही थी कि कौन-सा सेब ज्यादा मीठा है। रजनी आंटी कहती हैं कि जब किसी को कुछ देते हैं, तो जो सबसे अच्छा हो, वही देना चाहिए। श्याम बाबू समझ गए कि वह कितने गलत थे।

सच्चाई जानने से पहले कोई निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए।

खुली खिड़की

देशों की प्रशासकीय भाषाएं

विश्व में कई तरह की भाषाएं प्रयोग की जाती हैं। कुछ भाषाएं कई देशों की आधिकारिक या प्रशासनिक भाषा बन चुकी हैं। इनमें अंग्रेजी 59 देशों के साथ पहले स्थान पर काबिज है।

*हिंदी भाषा 13 देशों में बोली जाती है पर सरकारी उपयोग प्रमुखतः तीन देशों में होता है।



सत्संग

ईश्वर का अस्तित्व

एक बार महर्षि रमण के पास एक युवक आया और बोला, स्वामी जी क्या आप मेरी शंकाओं का निवारण करेंगे? महर्षि ने उत्तर दिया, अवश्य। उस युवक ने पहला प्रश्न किया, इस संसार में इतना घोर अनर्थ कैसे हो रहा है? यह प्रश्न तुम भगवान से क्यों नहीं पूछते, महर्षि ने उससे प्रतिप्रश्न किया।

युवक ने उत्तर दिया, मगर मैं उनके पास जाऊं कैसे? वह दिखाई तो देते नहीं। वास्तव में मुझे उनके अस्तित्व पर ही शंका है। महर्षि ने पुनः उससे प्रश्न किया, भला ऐसी शंका क्यों है तुम्हें? युवक बोला, सीधी-सी बात है। जब तक ईश्वर दिखाई न दे, तब तक कैसे जाना जा सकता है कि ईश्वर भी इस संसार में विद्यमान है?

रमण महर्षि बोले, तुम ठीक कह रहे हो, मगर मेरे प्रश्न का जवाब दो। क्या तुम्हारे पास दिमाग है? अवश्य, उसने उत्तर दिया। मगर मुझे तो वह दिखाई नहीं देता, महर्षि बोले। तब क्या मैं ऐसी धारणा बना लूं कि तुम्हारे पास दिमाग है ही नहीं?

बस, यही बात ईश्वर के बारे में भी है। जिस प्रकार दिमाग के दिखाई न देते हुए भी हम ऐसी धारणा बना लेते हैं कि प्रत्येक मनुष्य को दिमाग होता है, उसी प्रकार भगवान के दिखाई न देने पर भी उनके अस्तित्व के बारे में शंका नहीं करनी चाहिए। वह युवक रमण महर्षि के इस तर्क से संतुष्ट हो प्रसन्नता से वापस लौट गया।

-संकलित

बिज़नेस स्टैंडर्ड
वर्ष 12 अंक 62

गलती पड़ी भारी

उच्चतम न्यायालय का गत 26 अप्रैल को जारी एक आदेश भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लिए गहरे आघात जैसा है। उस दिन शीर्ष न्यायालय ने घोषित किया कि बैंकिंग क्षेत्र का नियामक बैंकों की वार्षिक पर्यवेक्षण रिपोर्ट (एआईआर) से जुड़ी सूचनाएं सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत मुहैया कराने संबंधी वर्ष 2015 के उसके आदेश का अनुपालन करने में नाकाम रहा है। उसने आरबीआई को यह सूचना उपलब्ध कराने का अंतिम अवसर देने के साथ ही एआईआर के खुलासे से संबंधित नीति हटाने को भी कहा है। उसका मानना है कि यह नीति आरटीआई कानून की भावना का उल्लंघन करती है।

हालांकि आरबीआई के क्रियाकलाप को निर्धारित करने वाले आरबीआई अधिनियम में प्रावधान है कि केंद्रीय बैंक को किसी बैंक के लेनदेन संबंधी जानकारियां साझा नहीं करनी चाहिए। लेकिन सर्वोच्च अदालत के मुताबिक, आरटीआई अधिनियम का अनुप्रयोग व्यापक है और इस कानून की धारा 22 में किसी भी अन्य कानून के प्रावधानों का अध्यारोहण करने की शक्ति का जिक्र है। इस अनुभव से हमें दो सबक सीखने की जरूरत है। आरबीआई को अपनी कानूनी रणनीति पर फिर से गौर करना चाहिए। लगता है कि कानूनी ढांचे के बारे में उसकी समझ गंभीर खामियों से ग्रस्त है। आरटीआई कानून वाणिज्यिक बढ़त या भरोसे पर कायम रिश्ते से संबंधित सूचनाओं को खास रियायत देता है। यह साफ नहीं है कि आरबीआई ने उच्चतम न्यायालय में दलील रखते समय इन रियायतों का हवाला क्यों नहीं दिया या वह शीर्ष अदालत को इसके लिए क्यों नहीं मना सका कि ये प्रावधान बैंक पर्यवेक्षण की गोपनीय रिपोर्ट पर भी लागू होते हैं? आरबीआई एआईआर के उन बिंदुओं को संशोधित कर सकता था जो वाणिज्यिक लेनदेन या विश्वासपरक दायित्वों से प्रत्यक्ष संबंध रखते हैं और बाकी सूचनाएं जारी कर देता। सरकार की विभिन्न शाखाओं से आरबीआई को सुरक्षा देने वाले आरबीआई अधिनियम को लेकर केंद्रीय बैंक में अति-आत्मविश्वास नजर आता है। आरबीआई को विश्वास के इस स्रोत पर दोबारा नजर डालनी चाहिए- न केवल न्यायपालिका बल्कि सरकार की अन्य शाखाओं के भी संदर्भ में। अभी तो यही लगता है कि आरबीआई को दलीलें पेश करते वक्त अधिक चपलता दिखानी चाहिए थी। यह ध्यान रखना महत्त्वपूर्ण है कि वित्तीय स्थिरता संबंधी आर्थिक सिद्धांत के नजरिये से सबसे अच्छा नतीजा यही निकलता है कि बैंकों के एआईआर गोपनीय बने रहेंगे। लेकिन बैंक की सेहत के बारे में एक व्यापक स्कोर सार्वजनिक करने के लिए यह जरूरी है कि एआईआर तैयार करते समय इस्तेमाल किए गए आंकड़ों से ही उसे तैयार किया जाए। इसके अलावा आरटीआई के तहत सूचना मांगे जाने पर व्यक्तिगत कर्जदारों के बारे में भी जानकारी साझा करने से परहेज किया जाना चाहिए क्योंकि सभी को एक ही रंग में रंगना अनुचित है। मसलन, अमेरिका में यह विशेष रूप से निषिद्ध है कि पूंजी पर्याप्तता, परिसंपत्ति गुणवत्ता, प्रबंधन, आय, तरलता एवं बाजार जोखिम के प्रति संवेदनशीलता (कैमल्स) रेटिंग एवं परीक्षण रिपोर्ट को किसी भी असंबद्ध पक्ष से साझा किया जाए।

यहां पर आरबीआई एवं वित्त मंत्रालय दोनों गलती पर हैं। आरबीआई को अपनी दलील में बैंकों की पर्यवेक्षण रिपोर्ट की संवेदनशीलता को अधिक अहमियत देनी चाहिए थी। दूसरी तरफ सरकार को भी कानून में बदलाव कर ऐसे प्रावधान करने चाहिए थे कि आरटीआई अधिनियम भी बैंकों की एआईआर को निजी बनाए रखें लेकिन व्यापक आंकड़ो को सार्वजनिक करने का रास्ता साफ हो। इसका यह मतलब भी होता कि उच्चतम न्यायालय के पास हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं रह जाता। दुर्भाग्य की बात है कि बैंक एआईआर जैसे मामले की तरह बदलते हुए हालात में भी पहले से लागू कानूनों के संशोधन को लेकर एक तरह की अनमनीयता नजर आती है।

अजय मोहंती

एनबीएफसी-बैंक विलय वक्त का तकाजा?

दूरसंचार या गैस कारोबार की तरह बैंकिंग क्षेत्र में लाइसेंस सबसे बड़े बोलीकर्ता को ही नहीं मिलता है। उसके लिए मुफीद एवं उचित फर्म को तवज्जो दी जाती है। बता रहे हैं तमाल बंद्योपाध्याय

इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड और लक्ष्मी विलास बैंक के विलय की घोषणा के एक दिन बाद जारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की विज्ञप्ति ने यह साफ कर दिया कि फिलहाल इस विलय प्रस्ताव को उसने अनुमति नहीं दी है। इस विलय से बनने वाला इंडियाबुल्स लक्ष्मी विलास बैंक परिसंपत्ति के लिहाज से देश का आठवां बड़ा निजी बैंक बन जाएगा।

यह विज्ञप्ति जारी करने के पीछे रिजर्व बैंक का मकसद उन अटकलों पर विराम लगाने का था जिनके मुताबिक इस विलय को उसने अनुमति दे दी है। लक्ष्मी विलास बैंक के बोर्ड में आरबीआई के नामित निदेशकों की मौजूदगी होने से इस अटकल को बल मिला। उसी तरह इंडियाबुल्स के बोर्ड में भी आरबीआई के दो पूर्व डिप्टी गवर्नर शामिल हैं। उनमें से एक एस एस मुंदरा प्रस्तावित विलय की निगरानी के लिए गठित पुनर्गठन समिति की अगुआई कर रहे हैं।

बहरहाल आरबीआई ने कहा है कि जब भी उसे विलय प्रस्ताव मिलेगा तो वह नियामकीय दिशानिर्देशों के हिसाब से उस पर गौर करेगा। मुझे लगता है कि किसी भी कंपनी ने अभी तक आरबीआई को इस विलय योजना का प्रस्ताव नहीं भेजा है क्योंकि भारतीय वित्तीय प्रणाली इस सौदे को लेकर विभाजित नजर आ रही है। यह मतभेद दोनों कंपनियों की वित्तीय स्थिति या एक बीमार बैंक के विलय का इंडियाबुल्स पर पड़ने वाले असर को लेकर नहीं बल्कि इस बात पर है कि आरबीआई को क्या इसे मंजूरी देनी चाहिए?

वैसे एक बैंक एवं एक गैर-बैंकिंग वित्तीय इकाई (एनबीएफसी) का विलय होना कोई नया मामला नहीं है। भारत फाइनैंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड (पुराना नाम एसकेएस लिमिटेड) का इंडसइंड बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो रहा है जबकि पहले आईडीएफसी बैंक के साथ कैपिटल फर्स्ट का विलय हो चुका है। उधर बंधन बैंक के साथ गृह फाइनैंस लिमिटेड के विलय की प्रक्रिया जारी है।

अगर कैपिटल फर्स्ट को आईडीएफसी बैंक में विलय के बाद बैंकिंग गतिविधियों का लाइसेंस दे दिया जाता है तो फिर इंडियाबुल्स को इस क्लब में शामिल करने में क्या आपत्ति है? आलोचकों का कहना है कि इंडियाबुल्स वर्ष 2014 में बैंकिंग लाइसेंस की प्रक्रिया में शामिल हुआ था लेकिन वह अंतिम सूची में जगह नहीं बना पाया था। सवाल है कि तब से अब तक क्या बदल गया है? इसके अलावा इंडियाबुल्स और कैपिटल फर्स्ट एक-दूसरे से काफी जुदा भी हैं।

कैपिटल फर्स्ट एक एनबीएफसी थी जिसका संचालन बैंकर से उद्यमी बने वी वैद्यनाथन कर रहे थे। इसकी तुलना में इंडियाबुल्स एक आवासीय वित्त कंपनी है जिसका समूह उपभोक्ता वित्त, बीमा, शेयर ब्रोकिंग और रियल एस्टेट में भी सक्रिय है।

वैद्यनाथन ने कैपिटल फर्स्ट में क्रेडिट अंडरराइटिंग और संग्रहण का एक गैर-परंपरागत मॉडल तैयार किया था। लेकिन मैकेनिकल इंजीनियर समीर गहलोत ने अपने कारोबारी सफर की शुरुआत 1999 में एक ऑनलाइन ब्रोकिंग फर्म से की थी। धीरे-धीरे इंडियाबुल्स समूह में कई कंपनियां जुड़ती गईं और आज यह परिसंपत्ति के मामले में देश की दूसरी बड़ी आवासीय वित्त कंपनी बन चुकी है। हालांकि बैंकिंग लाइसेंस के लिए अर्जी लगाने के बाद से काफी कुछ बदल चुका है। मसलन, वर्ष 2013 में समूह की कुल परिसंपत्तियों में रियल एस्टेट कारोबार का हिस्सा एक तिहाई था लेकिन अब वह घटकर दसवां हिस्सा रह गया है। गहलोत ने हाल में एक साक्षात्कार में कहा था कि बैंक में तब्दील हो जाने पर वह रियल एस्टेट कारोबार से पूरी तरह अलग हो जाना चाहते हैं।

इसके अलावा बैंकिंग लाइसेंस संबंधी नए निर्देश भी कहते हैं कि किसी आवेदक फर्म की कुल परिसंपत्ति में गैर-वित्तीय गतिविधियों की हिस्सेदारी 40 फीसदी से कम नहीं होनी चाहिए। इंडियाबुल्स के मामले में यह 20 फीसदी से कम है। एक नए बैंक के प्रवर्तकों की शेयरधारिता 10 वर्षों तक 30 फीसदी और 15वें वर्ष तक 15 फीसदी रहने का भी जिक्र है।

इंडियाबुल्स में फिलहाल 21.5 फीसदी की हिस्सेदारी रखने वाले गहलोत की विलय के बाद बनने वाली नई इकाई में हिस्सेदारी 19.5 फीसदी रह जाएगी लेकिन वह विलय के पहले इसे 15 फीसदी पर लाने के लिए इच्छुक हैं। वह बेहतर परिचालन सुनिश्चित करने के लिए अपनी कार्यकारी भूमिका छोड़ने को भी तैयार हो सकते हैं।

वर्ष 2014 में बैंकिंग लाइसेंस के लिए मना किए जाने के बाद इंडियाबुल्स ने नवंबर 2015 में ब्रिटेन के ओकनॉर्थ बैंक में करीब 40 फीसदी हिस्सेदारी ली थी। मेरा मानना है कि इंडियाबुल्स ने यह अधिग्रहण आरबीआई और बैंक ऑफ इंग्लैंड की अनुमति के बगैर नहीं किया होगा। नवंबर 2017 में इंडियाबुल्स ने इसमें से कुछ हिस्सा बेच दिया था और अपने निवेश से अधिक रकम बनाई थी।

अगर इंडियाबुल्स और लक्ष्मी विलास बैंक के बीच विलय प्रस्ताव को आरबीआई की अनुमति मिल जाती है तो भारत में भी इसे दोहराया जा सकता है। प्रस्तावित बैंक की परिसंपत्तियां असंगत तरीके से रियल एस्टेट की तरफ झुकी होंगी लेकिन पोर्टफोलियो में विविधता लाने के लिए इंडियाबुल्स उपभोक्ताओं के बड़े हिस्से को एसएमई योजनाएं बेच सकता है। गहलोत ने अपने साक्षात्कार में कहा है कि इंडियाबुल्स सरकारी प्रतिभूतियों और नकदी जमा करने संबंधी आरबीआई के मानकों में किसी तरह की ढिलाई की अपेक्षा नहीं करती है।

कई महीनों से इस प्रस्ताव पर चर्चा करने के बाद दोनों फर्मों के बोर्ड ने मुहर लगाई। सच कहें तो लक्ष्मी विलास बैंक के पास किसी मजबूत कंपनी के पास जाने के सिवाय बहुत कम विकल्प बचे थे और इंडियाबुल्स जैसी सभी एनबीएफसी को वजूद बचाए रखने और वृद्धि के लिए खुद को बैंक के रूप में तब्दील करना ही है।

मैं इस मामले में आरबीआई के रुख को लेकर कोई अनुमान नहीं लगाना चाहूंगा क्योंकि दूरसंचार या गैस कारोबार की तरह बैंकिंग क्षेत्र में लाइसेंस केवल सबसे ऊंची बोली लगाने वाले को ही नहीं मिलता है। आरबीआई बैंकिंग लाइसेंस उसी को देता है जिसे वह मुफीद और उपयुक्त पाता है। क्या इंडियाबुल्स इस मापदंड पर खरा उतरती है? हमें यह फैसला आरबीआई पर ही छोड़ देना चाहिए लेकिन कोई भी व्यक्ति इससे इनकार नहीं कर सकता है कि भारत को प्रतिस्पर्द्धा एवं उपभोक्ताओं की देखभाल के लिए अधिक बैंकों की जरूरत है। एनबीएफसी भी अपने मौजूदा स्वरूप में नहीं बनी रह सकती हैं। अगर लक्ष्मी विलास बैंक का किसी अन्य बैंक में विलय किया जाता है तो फिर एक बैंक कम हो जाएगा।

भारत एनबीएफसी के लिए ऐतिहासिक रूप से स्वर्ग रहा है। वर्ष 1997 में आरबीआई अधिनियम को संशोधित कर एनबीएफसी के नियमन का व्यापक ढांचा बनाया गया था। उस समय देश में करीब 40,000 एनबीएफसी सक्रिय थीं। नए नियम आने के बाद करीब एक हजार एनबीएफसी के पास समुचित पूंजी नहीं होने से उनके लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं। इस समय भी 9,000 से अधिक एनबीएफसी सक्रिय हैं।

लेकिन बैंकिंग परिदृश्य काफी अलग है। अगर हम क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, स्थानीय क्षेत्र के बैंकों और भुगतान बैंकों को हटा दें तो भारत में 96 बैंक हैं यानी 1.38 करोड़ आबादी पर एक बैंक है। लेकिन सभी तरह के बैंकों को जोड़ दें तो एक बैंक 82 लाख भारतीयों को सेवा दे रहा है। अगर अमेरिका से इसकी तुलना करें तो वहां कुल 5,358 बैंक सक्रिय हैं यानी 59,724 लोगों पर एक बैंक का अनुपात है। हमारे पड़ोसी देश श्रीलंका में भी एक बैंक औसतन 8.27 लाख लोगों को सेवा दे रहा है।

एनबीएफसी में जमा की व्यवस्था न होने से उन्हें बैंक की तुलना में व्यवस्थागत स्थायित्व के लिए कम खतरनाक मानने का तर्क एक छलावा भर है। बड़ी एनबीएफसी भी लोगों के पैसे से ताल्लुक रखने के नाते समान व्यवस्थागत जोखिम रखती हैं। भले ही यह पैसा सार्वजनिक जमा के रूप में नहीं होता है लेकिन बैंकों एवं म्युचुअल फंडों से उधार लिया गया पैसा क्या सार्वजनिक नहीं होता है?

(लेखक बिज़नेस स्टैंडर्ड के सलाहकार संपादक एवं जन स्माल फाइनैंस बैंक लिमिटेड के वरिष्ठ परामर्शदाता हैं)

विपक्ष के साथ भाजपा-आरएसएस से भी मोदी का मुकाबला

सम सामयिक

टीसीए श्रीनिवास-राघवन

पांसे जिधर भी गिरें लेकिन अगली सरकार तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही बनाएगी। इसकी वजह यह है कि कोई भी चुनाव-पूर्व औपचारिक गठबंधन नहीं होने से राष्ट्रपति सबसे बड़े दल को ही सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने को बाध्य हैं। केवल चमत्कार की हद तक का बड़ा उलटफेर ही कोई अलग परिणाम दे सकता है।

पहले भी लोग इसे जानते थे लेकिन कुछ समय के लिए ऐसी चर्चाएं चल रही थीं कि नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे। लेकिन मोदी ने इन चुनौतियों को गलत साबित कर दिया है।

पिछले छह हफ्तों से वह राजनीतिक पटल पर पूरी तरह हावी हैं। वास्तव में, उन्होंने 2019 के आम चुनाव को तिकोने मुकाबले- विपक्ष बनाम भाजपा बनाम मोदी में तब्दील कर दिया है। मोदी मूलत: मतदाता से यही बात कह रहे हैं: 'भाई, मैं तुम्हारा आदमी हूं। कभी भी पार्टी या उम्मीदवार पर ध्यान न दो। मेरे लिए वोट करो क्योंकि मैं ही सबकुछ हूं।'

ऐसा लगता है कि मोदी पर्याप्त मतदाताओं को यह समझाने में सफल रहे हैं कि उनके अपने आदमी वही हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि आज जब मतदाता ईवीएम का बटन दबा रहा है तो वह भाजपा के लिए नहीं बल्कि मोदी के लिए वोट कर रहा है। यहां तक कि कुछ समय तक मोदी से नाखुश रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को भी अब यह मानना पड़ा है कि मोदी ने उसे मात दे दी है। मुझे उम्मीद है कि एक दिन यह कहानी सुनाई जाएगी कि आरएसएस को मोदी ने किस तरह अपने वश में किया? यह कुछ वैसा ही है जिस तरह इंदिरा गांधी ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और मनमोहन सिंह ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) से छुटकारा पाया था। इसका सार यह है कि कभी भी किसी पर बहुत दबाव मत डालिए।

परवर्ती काल की इंदिरा गांधी की तरह मोदी वृत्तांत का 'मैं-मैं-मैं' में बदलते जाना अच्छा है या बुरा, इसका फैसला राजनीतिक पंडितों पर छोड़ देना चाहिए। अर्थशास्त्रियों की तरह अधिकतर राजनीतिक पंडितों का दिमाग भी 20वीं सदी का है। लिहाजा उनका रवैया पुराना हो चुका है। लेकिन तथ्य यह है कि 1990 के बाद पहली बार केंद्रीय स्तर पर उपलब्ध विकल्प विशुद्ध रूप से शख्सियत-आधारित है। हम किसी एक दल को नहीं बल्कि एक व्यक्ति को चुन रहे हैं।

प्रधानमंत्री को लेकर तमाम चुटकुले एवं जुमले चलते रहे हैं। राज्यों में हमेशा ऐसी बातें होती रही हैं। लेकिन केंद्रीय स्तर पर इससे अलग होने के बारे में सोचना दूर की कौड़ी ही है।

चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ ही मैंने मोदी के दूसरे कार्यकाल में उनकी आर्थिक नीतियों के काफी अलग रहने की बातें करनी शुरू कर दी हैं। अपने पहले कार्यकाल में वह छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देते रहे क्योंकि वह बाकी चीजों के साथ बहुत सहज नहीं थे। एक मुख्यमंत्री की पृष्ठभूमि होने के नाते ऐसा होना अवश्यंभावी था। अक्षय कुमार को दिए अपने साक्षात्कार में मोदी ने कहा भी है कि एक मुख्यमंत्री को छोटी बातों पर ज्यादा ध्यान देना पड़ता है।

लेकिन अब हम मोदी से अधिक आत्मविश्वासी प्रधानमंत्री के रूप में दिखाई देने की उम्मीद कर सकते हैं जो ढांचागत सुधारों पर बल दें। भारत को एक सक्षम प्रतिस्पर्द्धी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए वह हर जरूरी काम करेंगे। याद रखें कि एक प्रतिस्पर्द्धी अर्थव्यवस्था (चीन) का सक्षम होना जरूरी नहीं है और एक सक्षम अर्थव्यवस्था (सभी पश्चिमी देश) का प्रतिस्पर्द्धी होना जरूरी नहीं है।

अगर मोदी मुझसे पूछते तो मैं उन्हें बताता कि उन्हें कांग्रेस की जिस विरासत से छुटकारा दिलाने की जरूरत है, वह नेहरु का सामाजिक एवं राजनीतिक दर्शन नहीं बल्कि उनकी बेटी इंदिरा का आर्थिक दर्शन है। खुद मनमोहन सिंह भी इंदिरा की आर्थिक नीतियों के आलोचक रहे हैं। मनमोहन ने 1983 में ही इंडिया टुडे के लिए टी एन नाइनन को दिए एक साक्षात्कार में इन नीतियों पर सवाल उठाए थे।

समस्या यही है। इंदिरा गांधी ने सक्षमता पर समता को तवज्जो देकर राजनीतिक रूप से लुभावनी लेकिन आर्थिक रूप से विनाशकारी विरासत अपने पीछे छोड़कर भारत की सक्षमता और प्रतिस्पर्द्धा दोनों को काफी हद तक नष्ट कर दिया। उसके बाद आने वाली हरेक सरकार उसी विरासत को आगे बढ़ाती रही। इसका असर यह हुआ कि उत्पादन के तीनों अवयव- जमीन, श्रम एवं पूंजी काफी महंगे हो गए। अपने प्रतिस्पर्द्धियों की तुलना में भारत के काफी पीछे रह जाने की वजह यही है। मोदी वी2 को इसी विरासत से छुटकारा पाना है।

यह काफी अहम होगा कि अगली सरकार इस मकसद को हासिल करने के लिए किसी क्रम में आदेश जारी करती है? वर्ष 2014 में मोदी ने शुरुआती दौर में जमीन एवं श्रम से जुड़े मसलों पर हाथ आजमाया था लेकिन उन्हें नाकामी झेलनी पड़ी थी। इसका नतीजा यह हुआ कि वह पूंजी की समस्या का भी निदान नहीं तलाश पाए क्योंकि उन्हें अधिक उधारी लेने के लिए बाध्य होना पड़ा जिससे पूंजी और महंगी हो गई। भारतीय अर्थव्यवस्था की मौजूदा समस्याएं काफी हद तक इसी वजह से हैं।

इस बार मोदी को बाजार से कम उधार लेना होगा ताकि निजी क्षेत्र अधिक उधार ले सके। सरकार को जमीन की समस्या पर नए सिरे से गौर करना होगा। अगर ऐसा होता है तो राज्य अपने स्तर पर ही श्रम कानूनों की दुश्वारियों से निपट लेंगे क्योंकि ऐसा नहीं होने पर उन्हें कोई निवेश ही नहीं मिल पाएगा।

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद संसद पहुंचने पर मोदी ने अपने पहले संबोधन में कहा था कि उन्हें 10 साल का वक्त चाहिए। अब ऐसा होने की संभावना बढ़ती देख उन्हें अपनी आर्थिक विरासत छोड़ने पर ध्यान देना चाहिए।

कानाफूसी

ढोकला से खोखला

मौजूदा लोकसभा चुनाव में प्रमुख विपक्षी दल यानी कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर हमले करने के लिए लगातार नए तरीके अपना रही है। उसका ताजा प्रयास नारों के माध्यम से भाजपा पर हमला बोलने का है। कांग्रेस पार्टी की आईटी और मीडिया सेल ने एक नया नारा तैयार किया है- विकास के नाम पर सबको ढोकला दे दिया/ दो गुजरातियों ने देश को खोखला कर दिया। इतना ही नहीं पार्टी ने अनेक क्षेत्रीय भाषाओं में इस नारे का स्थानीय संस्करण भी तैयार किया है। पार्टी द्वारा नारों के क्षेत्रीय और भाषायी संस्करण तैयार करवाने का मकसद भी एकदम स्पष्ट है। वह चाहती है कि देश के उपनगरीय इलाकों में रहने वाले और ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी मतदाता भी पार्टी के नारों से अवगत रहते रहें।

पिता-पुत्र और चुनाव

मौजूदा चुनावी मौसम में मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा सीट देश भर में चर्चा में है। यह इकलौती सीट है जहां से पिता-पुत्र की जोड़ी चुनाव मैदान में उतरी हुई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ जहां छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी हैं वहीं उनके बेटे नकुलनाथ छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से पार्टी की ओर से लड़ रहे हैं। पिता-पुत्र की जोड़ी को कई स्थानों पर चुनावी रैलियों में एक साथ देखा गया। दोनों अपने भाषणों में केवल विकास की बात करते हैं। नकुलनाथ इन चुनावों की मदद से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत कर रहे हैं। उनका सामना भारतीय जनता पार्टी के आदिवासी नेता और पूर्व विधायक नाथन शाह कवरेती से है। नकुलनाथ ने वादा किया है कि वे अपने पिता के विकास कार्यों को जारी रखेंगे।

आपका पक्ष

लोकसभा चुनाव में आवारा पशु भी मुद्दा

लोकसभा चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश में दलों द्वारा आयोजित रैलियों में इन दिनों आवारा पशु चर्चा में है। प्रदेश के पशुपालन विभाग का दावा है कि राज्य में 11 लाख आवारा गोवंश हैं। आखिरी पशुगणना 2012 में हुई थी। ग्रामीणों का मानना है कि हर ग्राम पंचायत में करीब 100 आवारा पशु होंगे। राज्य में 59 हजार से अधिक ग्राम पंचायत है। गोवंश कल्याण के लिए योगी सरकार ने 2019-20 के बजट में 612.6 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। प्रदेश की भाजपा सरकार आवारा पशुओं से परेशान हैं। सपा तथा बसपा आवारा पशु को मुद्दा बनाने में जुटी हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आवारा पशुओं के वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट कर सरकार की खिंचाई कर रहे हैं। इससे पहले कन्नौज में आयोजित अखिलेश की सभा से पहले हैलीपैड में आवारा पशु घुस गए जिससे हेलीकॉप्टर 15 मिनट बाद उतर पाया। इस घटना के बाद अखिलेश ने सोशल मीडिया में सरकार की खिंचाई कर दी। सपा-बसपा योगी सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि वह आवारा पशुओं के जरिये उन्हें रैलियों में जाने से रोकने की कोशिश कर रही है। बसपा प्रमुख मायावती ने भी जालौन में यही आरोप लगाया। हालांकि आवारा पशु केवल विपक्षी दलों के नेताओं को ही परेशान नहीं कर रहे बल्कि उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी परेशान किया। एक आवारा पशु मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर के लिए बने हैलीपैड में चला आया था। इस घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों से पहले रात दिन अभियान चलाकर आवारा पशुओं की धरपकड़ की गई।

रितेश कुमार, संत कबीर नगर



लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में मतदान करते लोग *-पीटीआई*

मच्छरजनित रोगों से बचाव जरूरी

विगत 25 अप्रैल को मलेरिया दिवस के रूप में मनाया गया। दुनिया में मच्छरजनित जानलेवा बीमारियां आम होती जा रही हैं। इसमें मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि बीमारी का इलाज नहीं होने से मृत्यु हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की हालिया रिपोर्ट बताती हैं कि वर्ष 2015-2017 के बीच विश्व में मलेरिया के मामले कम करने में उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुई। वर्ष 2017 में अनुमानित 21.9 करोड़ मामले और 4,35,000 मौतें हुई। विश्व मलेरिया रिपोर्ट 87 देशों और उन क्षेत्रों के आंकड़ों पर आधारित है जिनमें मलेरिया का प्रसार जारी है। यह जानकारी राष्ट्रीय घरेलू सर्वेक्षण और अन्य संगठनों के डेटा से ली गई है। भारत में नैशनल वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम के रिपोर्ट के अनुसार 2018 में 3,99,134 मलेरिया के मामले सामने आए जिनमें 85 लोगों की मृत्यु हो गई। ओडिशा में सबसे अधिक 40 प्रतिशत मलेरिया के रोगी पाए गए। विश्व स्वास्थ्य संगठन आरटीएस वैक्सीन ऐसे देशों को मुहैया कराएगा जहां मच्छरजनित बीमारियां बड़े पैमाने पर हैं। एक कंपनी द्वारा 1 करोड़ वैक्सीन दान की जाएगी ताकि गरीब लोगों की जान बच सके। इसके अलावा मलेरिया की रोकथाम के लिए अन्य कदम भी उठाना जरूरी है। देश में प्राथमिक उपचार केंद्रों की सुविधाएं बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की मौजूदगी जरूरी है जिससे आपात स्थिति में मरीजों का इलाज हो सके।

पाठक अपनी राय हमें इस पते पर भेज सकते हैं : संपादक, बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली - 110002. आप हमें ईमेल भी कर सकते हैं : lettershindi@bsmail.in उस जगह का उल्लेख अवश्य करें, जहां से आप ईमेल कर रहे हैं।

दैनिक जागरण

मनुष्य की वाणी उसके लिए वरदान एवं अभिशाप दोनों है

चुनाव आयोग की जिम्मेदारी

यह गहन चिंता का विषय है कि पश्चिम बंगाल चुनावी हिंसा से मुक्त होने का नाम नहीं ले रहा है। इस राज्य में मतदान के चौथे चरण के दौरान भी जिस तरह कई स्थानों पर हिंसा और धांधली देखने को मिली उससे यही स्पष्ट हो रहा है कि चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह सही ढंग से नहीं कर पा रहा है। आखिर जब वह पिछले तीन चरणों में मतदान के समय इससे भली तरह अवगत हो चुका था कि सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस सरकार और उसका प्रशासनिक तंत्र स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध नहीं तो फिर ऐसे उपाय क्यों नहीं किए जा सके जिससे मतदाताओं को डरा-धमकाकर उन्हें वोट डालने से रोकने के साथ मतदान केंद्रों में धांधली करने वालों पर लगाम लग सकती? आज पश्चिम बंगाल में जैसी चुनावी धांधली देखने को मिल रही है वैसी ही कभी बिहार, हरियाणा और देश के कुछ अन्य हिस्सों में भी देखने को मिलती थी, लेकिन निर्वाचन आयोग ने सख्ती दिखाकर हालात बदल दिए। समझना कठिन है कि आज का निर्वाचन आयोग यही काम पश्चिम बंगाल में क्यों नहीं कर पा रहा है? क्या यह आवश्यक नहीं कि वह फर्जी मतदान वाले केंद्रों में फिर से मतदान के आदेश से और जिन अफसरों ने लापरवाही का परिचय दिया उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे? केवल इतने से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई गई है। अगर यह तैनाती अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रही है तो इसका मतलब है कि हालात कहीं अधिक गंभीर है। आज अगर चुनावी धांधली के लिए कोई राज्य कुख्यात है तो वह पश्चिम बंगाल ही है।

चुनावों के दौरान करीब-करीब हर राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती करनी ही पड़ती है, लेकिन पश्चिम बंगाल में विपक्षी दल उन्हें मतदान केंद्रों में तैनात करने की मांग कर रहे हैं। इसका मतलब है कि राज्य के पुलिस एवं प्रशासन का हद से ज्यादा राजनीतिकरण हो गया है या फिर उसने सत्ताधारी दल की मनमानी के समक्ष हथियार डाल दिए हैं। दोनों ही स्थितियां शुभ संकेत नहीं। यह सामान्य बात नहीं कि आम लोग यह मांग कर रहे हैं कि वे वोट तभी डालेंगे जब मतदान केंद्रों में केंद्रीय बलों की तैनाती होगी। इस तरह की मांग तो यही बताती है कि लोगों का राज्य की मशीनरी पर से भरोसा उठ गया है। अगर पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की उपस्थिति के बावजूद चुनावी धांधली हो रही है तो इसका अर्थ है कि राज्य में लोकतांत्रिक तौर-तरीकों के लिए स्थान कम होता जा रहा है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि एक समय जिन अनुचित तौर-तरीकों का इस्तेमाल वामपंथी दल करते थे उनका ही सहारा तृणमूल कांग्रेस ले रही है। चूंकि इसके कहीं कोई आसार नहीं कि राजनीतिक दल साफ-सुथरे तरीके से चुनाव कराने में निर्वाचन आयोग का सहयोग देंगे इसलिए इसके अलावा और कोई उपाय नहीं कि आयोग अपेक्षित सख्ती का परिचय देने में संकोच न करे। यह आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है कि वह मतदान के आगामी चरणों को धांधली और हिंसा से मुक्त रखने के लिए हर संभव कदम उठाए।

रेल विस्तार जरूरी

आजादी के बाद हिमाचल प्रदेश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। प्रदेश के लोगों के रहन सहन में भी अप्रत्याशित बदलाव आया है, लेकिन रेल विस्तार के मामले में प्रदेश के साथ न्याय नहीं हो पाया है। देश के लगभग सभी राज्यों में रेल विस्तार प्राथमिकता से हुआ है। इस कारण वहां पर औद्योगिक विकास भी बड़ी तेजी से हुआ है। इसके विपरीत प्रदेश में ब्रिटिश शासनकाल में बिछी रेल पटरियां आज भी वहीं पर हैं। कालका-शिमला रेललाइन को धरोहर में शामिल कर लिया गया है। पठानकोट-जोगेंद्रनगर रेललाइन भी अब धरोहर की श्रेणी में शामिल होने वाली है। ऊना जिला में रेल विस्तार अवश्य हुआ है। यहां पर रेलगाड़ियों का परिचालन भी शुरू हो चुका है, लेकिन ये कितनी सुविधा दे पा रही हैं इसे समझने के लिए किसी सर्वे की जरूरत नहीं है। सड़कों को क्षेत्र की भाग्यरेखाएं माना जाता है। प्रदेश में इनका जाल भी बिछ चुका है, लेकिन लोगों को मिल रहे जख्म इनकी हालत को अच्छी तरह बयां करते हैं। यह सही है कि विकास के लिए सड़कें अहम होती हैं, लेकिन औद्योगिक विकास के लिए रेलमार्ग का होना बहुत जरूरी होता है। खस्ताहाल सड़कों एवं रेल नेटवर्क के अभाव में यहां पर पर्यटन उद्योग पूरी तरह विकसित नहीं हो पाया है। यह भी चिंतनीय है कि रेल विस्तार न होने से प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ से भी उद्योगों ने पलायन शुरू कर दिया है। उनका तर्क है कि मालभाड़ा अधिक होने के कारण उनका काफी खर्च हो जाता है। यदि रेल नेटवर्क होता तो उन्हें राहत मिलनी थी। प्रदेश में रेल विस्तार के लिए कई सर्वेक्षण हो चुके हैं एवं कई जारी हैं, लेकिन धरातल पर अभी ठोस परिणाम सामने नहीं आए हैं। लेह तक रेलमार्ग की बात बार-बार हुई। यह मार्ग सामरिक और रणनीतिक नजर से भी महत्वपूर्ण है, लेकिन इस पर भी अभी तक कुछ नहीं हो पाया है। यह दुर्भाग्य ही है कि लेह तक रेल मार्ग की जरूरत को चीन के संदर्भ में भी नहीं समझा जा रहा है। केंद्र को इस संदर्भ में जल्द कदम उठाए जाने चाहिए। देश में संसदीय चुनाव जारी हैं। प्रदेश से भी चार सांसद चुने जाएंगे। अगले महीने नई सरकार भी कार्यभार संभाल लेगी।

धार्मिक पहचान से त्रस्त सभ्य समाज

तसलीमा नसरीन

एक मानव के रूप में हमारी पहचान से पहले हमारा मजहब, वर्ण, गोत्र और लिंग आता है, हमारा धार्मिक परिचय ही हमारी असली पहचान बन गया है

कोई कह रहा था कि श्रीलंका में खून की नदियां बहीं। 253 लोगों की मौत और 500 लोगों के जख्मी होने से जो खून बहता है वह बहुत हद तक नदी की तरह ही दिखता है, लेकिन यह हत्याकांड क्यों? मनुष्यों को आखिर इतनी घृणा क्यों है? किसने किसका क्या बिगाड़ा है? मध्ययुग में धर्मयुद्ध होते थे। एक मत-मजहब के लोग दूसरे धर्मावलंबियों की हत्या करते थे। आज हम खुद को सभ्य कहते हैं। सभ्य समाज में तो सभी धर्मों का सह-अस्तित्व होता है, लेकिन धर्मयुद्ध तो आज भी जारी है। इसे अस्वीकार करना सत्य की अनदेखी जैसी होगा। कहीं मुसलमान ईसाइयों को मार रहे हैं, कहीं ईसाई मुसलमानों को, कहीं यहूदी मुसलमानों को मार रहे हैं तो कहीं मुसलमान यहूदियों को। कहीं बौद्ध मुसलमानों को मार रहे हैं तो मुसलमान बौद्धों को। कहीं मुसलमान हिंदुओं को मार रहे हैं तो हिंदू मुसलमानों को। मानव होना हमारी असली पहचान है, लेकिन नहीं, आज हमारा धार्मिक परिचय ही हमारी असली पहचान बन गया है। एक मानव के रूप में हमारी पहचान से पहले हमारा मजहब, वर्ण, गोत्र और लिंग आता है। न्यूजीलैंड में ऐसे ही एक धर्मांध ईसाई ने मुसलमानों की हत्या की। कहा जाता है कि उसने स्वीडन में एक जिहादी आतंकी द्वारा एक दिव्यांग ईसाई बच्ची को कुचलकर मारने का बदला लिया। श्रीलंका में भी मुसलमानों ने जान-बूझकर ईसाइयों की हत्या की। गिरजाघरों और विदेशी पर्यटकों से भरे होटलों में विस्फोट किया। क्या उन्होंने भी न्यूजीलैंड में मारे गए 50 मुसलमानों की हत्या का बदला लिया?

माना जा रहा है कि आइएस ने श्रीलंका में अल्पसंख्यक मुसलमानों के संगठन नेशनल तौहीद जमात के साथ मिलकर इस घिनौने कृत्य को अंजाम दिया। एक छोटे से देश में अल्प संख्या में रहने वाले लोगों के संगठन द्वारा आठ-नौ लोगों को आत्मघाती बनाना और विस्फोट कर सैकड़ों लोगों की नृशंस हत्या करना आसान काम नहीं है। आइएस ने घटना की जिम्मेदारी ली है, लेकिन उसने इससे पहले भी कई बार झूठे दावे किए हैं, लेकिन श्रीलंका में हमले का का दावा सच जान पड़ता है। भारत सरकार ने दो हफ्ते पहले ही श्रीलंका को चेतावनी दी थी कि गिरजाघरों पर हमले हो सकते हैं। भारत को यह सुराग दक्षिण भारत में गिरफ्तार आइएस के एक सदस्य से मिला था, लेकिन सूचना मिलने के बाद भी श्रीलंका सतर्क नहीं हुआ। श्रीलंका के राष्ट्रपति का कहना है कि भारत से मिले सुराग की उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। अगर उन्हें पता होता तो वह कड़ी व्यवस्था करते। कई लोगों का मानना है कि श्रीलंका में न्यूजीलैंड की घटना का बदला ले लिया गया। हैरत नहीं अब कोई ईसाई मुसलमानों को मारकर श्रीलंका की घटना का बदला ले। इसके बाद फिर मुसलमान कहीं ईसाइयों की हत्या कर सकते हैं। इसका कोई अंत नहीं दिखता। यह अनंत काल तक चल सकता है, लेकिन इस पृथ्वी पर यह धर्मयुद्ध ही एकमात्र युद्ध नहीं है। नारी के खिलाफ पुरुषों का लैंगिक युद्ध भी जारी है। नारी को प्रताड़ित करना, उसे घर में बंद रखना, उसके अधिकारों का लगातार हनन, उसकी स्वाधीनता पर अंकुश लगाना, उसे यौनदासी बनाना, दुष्कर्म और उसकी हत्या आज भी जारी है। गरीबों के खिलाफ अमीरों की लड़ाई भी चल रही है। चारों तरफ सिर्फ जंग ही जंग। मुझे समझ नहीं आता कि महाकाश में लाखों किलोमीटर दूर मंगल ग्रह तक पहुंचने में सफल महाबुद्धिमान मानव अपने बीच चल रहे इस अप्रिय, अनावश्यक, निरर्थक जंग की समाप्ति के लिए कुछ क्यों नहीं कर पा रहा है?

अवधेश राजपूत

श्रीलंका की घटना के बाद मैं बांग्लादेश को लेकर भयभीत हूं। मात्र एक या दो दशक में जिस तरह से यहां के लोगों का ब्रेनवॉश किया गया है वह अकल्पनीय है। कभी यहां कोई भी निडर होकर या गर्व से कह सकता था कि वह किसी मत-मजहब को नहीं मानता, उसे परलोक में भरोसा नहीं, वह दोजख पर यकीन नहीं करता और उसे इस पर भरोसा नहीं कि कोई पंख वाला घोड़ा आसमान में उड़ता है, लेकिन आज इस पर भरोसा नहीं करने वाले को माफी मांगनी पड़ती है। उसे बोलना होगा कि वह इन सब पर भरोसा करता है, वरना उसे यह दुनिया छोड़नी होगी। ऐसा नहीं किया तो सर्वनाश। ऐसा देश आपको कहीं नहीं मिलेगा। जिस देश की उत्पत्ति धर्मनिरपेक्षता के साथ हुई उसे धर्म ही बुरी तरह जकड़ रहा है। दिन-रात मोहल्लों में निगरानी हो रही है। धर्म के नाम पर युवकों को गुमराह किया जा रहा है। उन्हें रोजाना महिलाओं और गैर-मुस्लिमों से घृणा का पाठ पढ़ाया जा रहा है।

धर्म पर सवाल करने वालों को सरकार जेल भेज रही है, लेकिन धर्म के नाम पर जो हिंसा, घृणा और नारी विद्वेष फैला रहे हैं, सरकार उन्हें संरक्षण दे रही है। उनकी इज्जत अफजाई करते-करते सरकार और कुछ धर्मांध लोगों ने उन्हें इतना शक्तिशाली बना दिया है कि आज वे जो चाहे, कर रहे हैं। बांग्लादेश के युवकों में धर्मांधता बढ़ रही है। आतंक का कारखाना अब रात के अंधेरे में छुपाकर चलाने की कोई जरूरत नहीं। दिनदहाड़े अनगिनत धर्मभीरू लोगों को सीधा आदेश दिया जा रहा है कि जो आपके धर्म को नहीं मानता उससे घृणा करो, उसे मौत के घाट उतार दो, इससे शबाब मिलेगा और कानूनी कार्रवाई से भी बच जाओगे। इनमें से ही कोई श्रीलंका में धमाका करने वाले आतंकियों की तरह चर्च में, मंदिर में, शियों या अहमदियों की मस्जिद में धमाका कर सकता है। सिर्फ मस्जिद और मदरसे बनाकर, मजहब में डूबा कोई समाज क्या कभी विकसित हो सकता है? हमें इसका एक भी उदाहरण नहीं मिलेगा। जिन्हें हम सभ्य और उन्नत देश के तौर पर देखते हैं, वहां के लोग धर्म-मजहब से ऊपर होते हैं। वहां लोगों ने मजहब को अपने देश, शिक्षा, समाज और जीवन से दूर ही रखा है। बिना धार्मिक हुए वे कैसे इतने उदार, सहिष्णु और मानवतावादी हैं? सच बोलें तो मानवीय मूल्यों का मजहब से कोई लेना-देना नहीं है। आज मजहब से किसी का कुछ लेना-देना है तो वह है राजनीति। मजहब और राजनीति के ठेकेदारों ने अपने स्वार्थ के लिए सिर्फ इसका इस्तेमाल किया है।

यह देखकर हैरानी होती है कि कई मुसलमानों को आत्मघाती हमलावर बनने में आपत्ति नहीं। बांग्लादेश में भी ऐसे मुसलमानों की कोई कमी नहीं है। आइएस के लिए लड़ने सीरिया और इराक जाने वालों में बांग्लादेशियों की संख्या कम नहीं थी। मौत तय है, यह जानते हुए भी वे गए, क्योंकि उन्हें यकीन दिलाया गया कि ऐसी लड़ाई में मिली मौत महान है। दोष उनका नहीं, उनके इस यकीन का है। ये यकीन कहां से आ रहा है, कौन इसे फैला रहा है? क्या इसे लेकर कोई जांच हुई या ऐसा करने की जरूरत ही नहीं समझी गई? क्या बांग्लादेश सरकार इससे निपटने के लिए कुछ कर रही है? बंदूक के दम पर आतंकियों को मारकर समस्या का समाधान संभव नहीं। न्यूजीलैंड की घटना पर जिनकी आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे, उनमें से ही कुछ श्रीलंका में ईसाइयों पर हुए हमले का जश्न मना रहे थे। क्या ऐसे लोग भी आतंकी नहीं? ऐसे आतंकियों पर निगरानी करना सरकार की जिम्मेदारी है। यह एक तरह की चेतावनी है। जिस तरह श्रीलंका ने चेतावनी की अनदेखी की, यदि बांग्लादेश ने भी की तो शायद वहां श्रीलंका से भी गंभीर परिणाम होंगे।

(लेखिका जानी-मानी साहित्यकार एवं मानव अधिकार कार्यकर्ता हैं)

response@jagran.com

पूंजी की कठपुतली बनी राजनीति



डॉ. पुष्कर मिश्र

स्वच्छ राजनीति के बिना स्वस्थ जनतंत्र का स्वप्न एक मृग मरीचिका के अलावा और कुछ नहीं

इन दिनों विश्व का सबसे बड़ा चुनाव भारत में चल रहा है। मानव इतिहास का यह सबसे बड़ा और महंगा चुनाव होने जा रहा है। माना जा रहा है कि 2016 के अमेरिकी चुनावों की तुलना में 2019 के भारतीय चुनाव डेढ़ गुने अधिक महंगे होने जा रहे हैं, जबकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना में छह गुनी से अधिक बड़ी है। एक अनुमान के तहत 2019 के लोकसभा चुनावों का कुल खर्च लगभग 70 हजार करोड़ रुपये होने जा रहा है। कुल 543 सांसद चुने जाने हैं और इस हिसाब से प्रति सांसद चुनने का खर्च लगभग 129 करोड़ बैठ रहा है। एक अध्ययन के अनुसार संसद में 80 प्रतिशत प्रतिनिधि करोड़पति हैं। भारत में कुल करोड़पतियों की संख्या 81 हजार है। साफ है शेष भारत के प्रतिनिधित्व से संसद अछूती है। धनबल के अभाव में राजनीति की संभावना समाप्त होती जा रही है। धन का जिस मात्रा में उपयोग हो रहा है उससे जनतंत्र के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। धनबल, छलबल और बाहुबल का उपयोग, वंशवाद, राजनीति का अपराधीकरण, भ्रष्टाचार आदि के प्रदूषण से वर्तमान भारतीय राजनीति त्रस्त है। अधिकांश नेताओं के लिए राजनीति व्यवसाय बन गई है। व्यवसायीकरण इस हद तक बढ़ गया है कि कई दल अपना टिकट तक बेच रहे हैं। राजनीति बाजार एवं पूंजी के हाथ की कठपुतली बन गई है। पैसे का खेल ग्रामसभा से लेकर लोकसभा चुनावों तक चल रहा है। सत्ताबल, धनबल और बाहुबल से प्रदूषित राजनीति अपना वर्चस्व लोक पर थोपे हुए है। अधिकतर दलों के घोषणापत्र जनता के सामने आ चुके हैं, पर विडंबना यह है कि अधिकांश चुनावी घोषणापत्र भ्रष्टाचार, कालाधन एवं चुनाव सुधारों पर मौन हैं। भ्रष्ट राजनीति न तो लोक को दिशा दे सकती है और न ही लोक में सम्मान अर्जित कर सकती है। स्वच्छ राजनीति के बिना स्वस्थ जनतंत्र का स्वप्न मृग मरीचिका है।

राजनीतिक आंदोलन के युग से गुजर रहे मानव इतिहास को अपनी सभ्यता के विकास क्रम में राजनीति को स्वच्छ करने की दिशा में गंभीर होना होगा। जीवन का प्रत्येक आचरण विशेषकर आर्थिक आचरण पूर्णतया पारदर्शी और मितव्ययी होना ही स्वच्छ राजनीति है। नैतिक बल से स्वच्छ राजनीतिक संस्कृति का अधिष्ठान रखते हुए राजनीति को उसके प्रदूषण से मुक्त करना होगा। स्वच्छ राजनीतिक संस्कृति पारदर्शिता, मितव्ययता, प्रश्न करने की क्षमता एवं मर्यादित आचरण से ही रूप लेती है। पारदर्शिता से पाखंड दूर होता है। जनतंत्र में सत्ता से प्रश्न करने का अधिकार प्रत्येक जन को है। भारत में प्रश्नोपनिषद् की रचना हुई। अष्टावक्र की परंपरा में कटु प्रश्न करने का साहस और क्षमता स्वच्छ राजनीति का प्रतीक है। बदलते लोक की बदलती राजनीति में बदलाव के दो केंद्र हैं-व्यक्ति परिवर्तन और व्यवस्था परिवर्तन। अधिकतर अकादमिक प्रयास व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में हैं। व्यक्ति परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रही संस्थाओं पर ध्यान कम है। भारतीय सभ्यता का विमर्श व्यक्ति परिवर्तन से व्यवस्था परिवर्तन है। व्यक्ति परिवर्तन पीढ़ियों का निर्माण करता है इसलिए व्यक्ति परिवर्तन की परंपराओं का सुदृढ़ीकरण आने वाले परिवर्तन की आधारशिला है।

भारतीय सभ्यता ने अनादिकाल से स्वयं स्फूर्त व्यक्ति के आचरण में परिवर्तन लाने की परंपराओं को जन्म दिया है। पूर्व में यह ऋषि-परंपरा से और वर्तमान में संप्रदाय और पंथों की परंपरा से हो रहा है। ये परंपराएं राज्य पर कभी आश्रित नहीं रहीं। लोक में इनकी भूमिका राज्य से अधिक शक्तिशाली रही है। निवृत्ति मार्ग पर चलने वाली ये परंपराएं अपने नैतिक बल से लोक को दिशा देती रही हैं। वर्तमान युग में राज्य हर संस्था पर अपना वर्चस्व बना रहा है जो स्वस्थ नहीं है। सत्यनिष्ठा, कर्मठता, प्रामाणिकता, समता, न्याय के प्रति आग्रह एवं आचरण की शुद्धता आदि वे शाश्वत मूल्य हैं जिनसे विरत होकर मानवता आगे नहीं बढ़ सकती। मूल्यों पर आधारित आचरण से ही नैतिक बल और आत्मबल का निर्माण होता है। व्यवस्था परिवर्तन का आग्रह करने वाला व्यक्ति यदि सत्यनिष्ठ, कर्मठ, सम दृष्टि युक्त, प्रामाणिक एवं न्याय परक न हो तो व्यवस्था चल नहीं सकती।

आज लोकसभा के कामकाज को देखें तो वह एक शोर सभा से अधिक कुछ भी नहीं नजर आती। नीति पर विमर्श में उसका कितना योगदान है, यह जगजाहिर है। चिंता की बात यह भी है कि विभिन्न संवैधानिक संस्थाएं अपना मूल्य खो रही हैं। नैतिक बल ही इनके सम्मान को स्थापित कर सकता है और वे लोक उन्नयन में अपनी महती भूमिका निभा सकती हैं। धनबल-बाहुबल के वर्चस्व से जनबल एकत्र करना अलग बात है और नैतिक बल एवं आत्मबल के अधिष्ठान से जनबल एकत्र करना अलग बात। पहला राजनीतिक प्रदूषण की ओर ले जाता है, दूसरा राजनीतिक स्वच्छता की ओर। जनतंत्र में राजनीति को पूंजी केंद्रित नहीं जन केंद्रित होना है। जब तक चुनावी राजनीति धनबल से मितव्ययता की ओर नहीं बढ़ेगी तब तक वह स्वच्छता नहीं प्राप्त कर सकती। इसी तरह जब तक राजनीति को व्यवसाय बनाने वाले नेताओं से राजनीति मुक्त नहीं होती तब तक वह स्वच्छ नहीं होगी और जब तक राजनीति स्वच्छ नहीं होगी तब तक राजनीति का लोक पर नैतिक बल क्षीण रहेगा। वह लोक को सही दिशा देने का सामर्थ्य प्राप्त नहीं कर सकती। निर्वाचन आयोग को अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए और कठोर होना होगा। राजनीतिक व्यय विशेषकर चुनावी व्यय के स्रोतों को पूर्णतः पारदर्शी बनाना होगा। राजनीतिक दलों को अपने टिकट बेचने बंद करने होंगे।

यह आश्चर्यजनक है कि अभी तक किसी भी दल ने ऐसे संकल्प नहीं लिए हैं। धनबल और बाहुबल पर आत्मबल और नैतिक बल अधिक भारी होता है। आवश्यकता इस पर भरोसा करने की है। निश्चित तौर पर सबसे अधिक आवश्यकता राजनीतिक क्षेत्र में है। जन-जन इस दिशा में आस लगाए बैठा है कि बदलाव होगा, राजनीति बदलेगी। सत्ता प्राप्ति ही राजनीति का साध्य नहीं है। सत्ता साध्य नहीं साधन है। राजनीति प्रगतिशील एवं विकासोन्मुखी हो, जन-जन के जीवन में परिष्कार आए और लोक को सही दिशा मिले, यही राजनीति का अभिप्राय है। नए भारत का निर्माण इसकी गौरवशाली सभ्यता में निहित है। भारतीय सभ्यता मानव जीवन में परिष्कार को बल देती है। जीवन में परिष्कार ही संस्कार है। यह बात महात्मा गांधी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन से स्पष्ट है। नैतिक बल और स्वच्छ राजनीति के योग का उद्घोष ही मानव इतिहास को नई दिशा देगा और नए भारत का निर्माण करेगा।

(लेखक राजनीतिक मामलों के विश्लेषक हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

आशा

आशा ही जीवन है, निराशा ही मृत्यु है। आशा मनुष्य के जीवन में शक्ति का संचार करती है, जबकि निराशा उसे पतन की ओर ले जाती है। आशा मनुष्य का शुभ संकल्प है। आशा ही मनुष्य में यह विश्वास जगाती है कि इस धरा पर उसका भी अस्तित्व है और वह चाहे तो बहुत कुछ नया कर सकता है। मनुष्य परिस्थितियों का गुलाम नहीं होता, वह अपनी किस्मत खुद तय कर सकता है, लेकिन ऐसा तभी संभव है, जब वह आशावादी होगा। आशावादी व्यक्ति अपनी क्षमता और कमजोरियों को ध्यान में रखते हुए ही अपना लक्ष्य तय करता है। उसे यह भान होता है कि राह में जटिल हालात से उसका मुकाबला जरूर होगा, इसलिए वह विपरीत परिस्थितियों में कभी विचलित नहीं होता। बाकायदा वह आवश्यक साधन जुटाकर अपनी लगन एवं मेहनत से विपरीत परिस्थितियों का डटकर मुकाबला करता है और मुश्किल से मुश्किल परिस्थितियां भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ पातीं। आखिर में सफलता उसके कदम चूमती है। यह आशा का ही कमाल है कि मनुष्य बड़ी-बड़ी मुसीबतों को हंसते-हंसते जीत लेता है। आशावादी दृष्टिकोण मनुष्य की क्षमता और दक्षता को बढ़ाता है और इससे सफलता उसके और करीब आ जाती है। जहां आशा ही नहीं, वहां प्रयत्न कैसे हो सकता है और जब कोई प्रयास ही नहीं होगा तो फिर सफलता मिलनी असंभव है। आशावादी व्यक्ति किसी के सामने हाथ नहीं फैलाता, बल्कि वह दूसरों को नई जिंदगी देता है।

जीवन का आनंद संघर्षों से लड़कर जीने में ही है और मनुष्य आशावादी होकर ही संघर्ष कर सकता है। आशा ही उसे सफलता, सुख एवं आनंद सब कुछ दिलाती है। इसके विपरीत निराश व्यक्ति जीवन में उदासीन और विरक्त होने लगता है। उसे अपने चारों तरफ अंधकार नजर आता है। निराश व्यक्ति कोशिश करने से पहले ही अपने को हारा हुआ मान लेता है और उसे अपना सबकुछ खत्म होता नजर आता है। निराश व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक क्षमता भी घटती जाती है, जिस वजह से भी सफलता उससे दूर भागती जाती है। हमें निराशा का विनाश करके आशा को अपना धर्म बनाना चाहिए। अपने जीवन-उद्देश्य को हासिल करने के लिए हमें सबसे पहले आशावाद का सहारा लेना चाहिए।

सुमित्रा पांडेय

जापान के गांवों का दर्द

फिर से

जापान की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है और यहां तक कि कई गांव ऐसे हैं जहां सिर्फ गिनती के ही लोग बचे हैं

जापान के बारे में सोचकर आपको सबसे पहले क्या याद आता है? बुलेट ट्रेन? वेंडिंग मशीन? तकनीक? जापान को हमेशा से ही भविष्य का देश कहा जाता है, उसका एक सीधा सा कारण है कि एशिया में जो तकनीक जापान इस्तेमाल करता है वह कोई अन्य देश नहीं करता। वेंडिंग मशीन से लेकर बुलेट ट्रेन और स्मार्ट पब्लिक टॉयलेट तक जापान में सब कुछ है, लेकिन एक और सच्चाई है जापान की जिसे उसकी चकाचौंध छिपा लेती है। वह है जापान की बूढ़ी होती आबादी और खाली होते गांव। जापान की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है और यहां तक कि कई गांव ऐसे हैं जहां सिर्फ गिनती के ही लोग बचे हैं। जापान के सुदूर इलाकों में तो हालात बहुत खराब हैं जहां कई गांवों में सिर्फ बुजुर्ग ही बचे हैं।

ऐसा ही एक गांव है नगोरो। उस गांव में लोगों की संख्या अब सिर्फ 27 रह गई है। जी हां, 27 लोग, लेकिन अगर इस गांव में कोई आकर देखेगा तो उसे सिर्फ खाली घर नहीं दिखेंगे। उसे दिखेंगी कई सारी गुड़िया। जापान के इस पहाड़ी गांव में पहले 300 लोग रहते थे अब उनकी जगह कई सारी गुड़ियों ने ले ली है। सुकिमी अयानो नगोरो में रहती हैं। उनके परिवार ने वह इलाका बहुत पहले छोड़ दिया था, लेकिन जब सुकिमी के पिता अकेले रह गए तो सुकिमी वापस वहां आ गईं। सड़कें खाली, घर खाली, पड़ोस खाली ऐसे में अकेलापन दूर करने के लिए सुकिमी ने एक स्केयरक्रो (बिजूका) बनाया। उसे पिता के कपड़े पहनाकर खेत में खड़ा कर दिया। यह सिर्फ मस्ती के लिए किया गया प्रयोग था, लेकिन इसके बाद एक-एक करके ऐसे कई बिजूका बन गए और अब 27 लोगों के गांव में 300 से ज्यादा बिजूका हैं। ये अब नगोरो गांव का अकेलापन दूर करते हैं। लोग अपनी पसंद के बिजूका बनवाकर अपने घरों में, आंगन में, सड़कों पर, खेतों में खड़े कर देते हैं। इतना ही नहीं, यहां तो कई लोगों ने अपने पसंद के इंसानों की तरह ही इनके साथ बर्ताव करना शुरू कर दिया है।

इस गांव में सिर्फ एक ही स्कूल हुआ करता था जो 2012 में बंद हो गया। अब यहां बड़े-बड़े क्लासरूम हैं और उन क्लासरूम में बैठे हुए हैं बिजूका। इस स्कूल के आखिरी दो स्टूडेंट्स ने अपनी ही शक्ल के बिजूका क्लास में बैठाए हैं और बाकी अन्य बच्चों की शक्ल के हैं। इतना ही नहीं, एक टीचर जैसी गुड़िया भी है जो क्लास को पढ़ाती हुई दिखती है। यहां तक कि टेलीफोन पोल के नीचे गपशप करते तीन बिजूका, नदी किनारे मछली पकड़ता बिजूका, बस स्टैंड पर बैठे बिजूका, किराने की दुकान में, सड़क किनारे खड़े बिजूका सब दिख जाएंगे। सुकिमी बताती हैं कि जब वह बच्ची थीं तब इस इलाके में मजदूर, जंगल में काम करने वाले, डैम बनाने वाले इंजीनियर सब रहते थे। धीरे-धीरे करके लोग यहां से जाने लगे और ये इलाका एकदम खाली हो गया।

इस तरह से जापान की अधिकतर आबादी अब बूढ़ी हो चली है। जाहिर है नगोरो को तो फिर भी अब दुनिया जानने लगी है, लेकिन जापान में अकेलेपन से जूझ रहे ऐसे कई गांव हैं जहां की आबादी बूढ़ी है और लोगों के पास बात करने वाले भी नहीं बचे हैं।

(आइचौकडॉटइन से साभार)

मेलबाक्स

जाति मुक्त भारत की दरकार

गिरीश्वर मिश्र द्वारा लिखित 'जाति आखिर जाती क्यों नहीं?' नामक लेख पढ़ा। लेखक ने जाति के सहारे आज देश में चारों ओर सत्ता तथा राजनीतिक स्वार्थों के लिए मचे घमासान पर गंभीरता से विचार किया है। इस विषय को ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में देखने पर हम पाते हैं कि भारतवर्ष में मुगलों के शासनकाल से जाति उत्तरोत्तर एक व्यवस्था के रूप में विकसित होती चली गई। आरंभ में यह समाज के विविध वर्गों के पारस्परिक अनुकूलन और संयोजन के रूप में मिलती है, किंतु धीरे-धीरे यह विभेदक बनकर जटिल तथा घृणित बनती चली गई। मध्यकाल के कबीरदास, रैदास आदि कवियों ने जाति व्यवस्था को तोड़ने के लिए बार-बार प्रयास किया तथा उसके दुष्परिणामों के लिए समाज को बार-बार सचेत किया। जातियों में बंटे व्यक्ति तथा समाज की दशा को भांपकर स्वतंत्रता सेनानियों ने जात-पांत को मिटाने के लिए अनेक प्रयास किए और एकजुट होकर भारतवर्ष की स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी। साहित्य तथा सिनेमा ने भी इसके कुप्रभावों पर खूब प्रकाश डाला। महात्मा गांधी का मानना था कि आज के अर्थ में मैं जात-पांत को नहीं मानता, यह समाज का फालतू अंग है और तरक्की के रास्ते में रुकावट जैसा है। किंतु धीरे-धीरे यह विचार पीछे छूटता चला गया, राजनीतिक स्वार्थपूर्ति के लिए जाति को हथकंडा बनाकर प्रयोग किया गया। आरक्षण की संविधानसम्मत व्यवस्था सामने आई जिसने भारतीय समाज में पुनःजातिगत भेद जगा दिया। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि जाति के नाम पर कुछ लोगों का शोषण हुआ, किंतु आज जब हम नए भारत, विकसित भारत की बात कर रहे हैं तो ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि जाति व्यवस्था समाप्त हो और जाति मुक्त भारत की दिशा में प्रयास किए जाएं। इसके लिए राजनीतिक पहल से अधिक समाज की इच्छाशक्ति की दरकार है। आइए क्यों न मिलकर जाति मुक्त भारत के लिए मतदान करें।

डॉ. वेदप्रकाश, हंसराज कॉलेज, दिल्ली

कैदियों को भी मिले मतदान का मौका

लोकतंत्र के महापर्व में मत प्रतिशत का लगातार गिरना बेहद चिंताजनक है। मतदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने हेतु समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने के बावजूद जनतंत्र की निष्क्रियता और उदासीनता समझ से परे है। जनता लोकतंत्र का प्रथम स्तंभ है, ऐसे में यदि जनता ही अपने कर्तव्य और अधिकार से विमुख हो जाएगी तो लोकतंत्र का विशाल भवन कमजोर नींव पर कैसे बनेगा और कब तक टिक पाएगा? बहुत से लोग मतदान करना तो चाहते हैं, लेकिन नौकरी या किसी अन्य वजह से वे इससे वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों के लिए इस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए कि वे जहां हैं, वहीं से मतदान कर सकें। जेल जाकर भी अगर कोई व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है तो जेल में रह रहे कैदियों को भी मतदान का मौका मिलना चाहिए। मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ लोगों के लिए अन्य विकल्पों जैसे ऑनलाइन वोटिंग की सुविधा पर भी तकनीकी खामियों को दूर करते हुए विचार करना चाहिए। मतदान में सहभागिता बढ़ाने के लिए मतदान के दिन तक 18 वर्ष पूरे करने वाले सभी नए मतदाताओं को मौका दिया जाना चाहिए। राजनीति और नेताओं का गिरता स्तर और इस क्षेत्र में अच्छे लोगों की कमी भी कम मतदान के प्रमुख कारण हैं।

sonimohit895@gmail.com

विद्यालयों में पढ़ाया जाए मतदान का सिद्धांत

लोकसभा चुनाव भारत का सबसे बड़ा लोकत्रांत्रिक पर्व है। हर पांच साल पर जनता बड़े उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर राष्ट्र निर्माण और देश के विकास के लिए सरकार का चयन करती है। इसी के उपलक्ष्य में हम हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस भी मनाते हैं। इस दिवस के माध्यम से हम लोगों को मतदान के लिए जागरूक करते हैं ताकि वोटिंग में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले सकें। आज भी बहुत से लोग ऐसे हैं जो मतदान करने नहीं जाते, जबकि ये उनका संवैधानिक अधिकार है। इसका सबसे बड़ा कारण लोगों में जागरूकता की कमी है। जिस तरह सरकार ने हर विद्यालय में योग को एक विषय बनाकर उसे पढ़ाना अनिवार्य कर दिया है, ठीक उसी तर्ज पर मतदान जैसे महत्वपूर्ण विषय को भी विद्यालयों में पढ़ाए जाने की जरूरत है। ऐसे महत्वपूर्ण फैसलों से युवाओं और बच्चों में मतदान के प्रति रुझान बढ़ेगा साथ ही वे जागरूक भी होंगे। यदि हमें लोकतंत्र को मजबूत बनाना है तो हमारा कर्तव्य है कि मतदान करें।

urahuly88@gmail.com

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें :
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: mailbox@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. संपादकीय निदेशक-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग,रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 23359961-62, नोएडा कार्यालय : 0120-3915800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 न हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय धीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त।

जनसत्ता

30 अप्रैल, 2019

बड़ी चुनौती

भारत में आम चुनाव के सात में से चार चरण पूरे हो चुके हैं। हर गठबंधन और दल ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल कर सत्ता में पहुंचने की रणनीति को अंजाम दे रहा है। बालाकोट, भ्रष्टाचार, रोजगार जैसे मुद्दे हावी हैं। जिस तरह से चुनाव प्रचार हो रहा है, वह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि मुकाबला किसी भी दल या गठबंधन के लिए आसान नहीं है। दावे चाहे कुछ भी कर लें, लेकिन मतदाताओं के मन को भांप पाना भी आसान नहीं है। तीसरे और चौथे चरण में चुनावी हिंसा की घटनाएं भी इस बात की तस्दीक कर रही हैं कि एक-एक सीट के लिए कड़ा मुकाबला है। चुनावी सभाओं में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के दलों और उसका नेतृत्व करने वाले सबसे बड़े दल भारतीय जनता पार्टी की ओर से दावा किया जा रहा है कि वह इस बार और ज्यादा सीटों के साथ सत्ता में आएगी। लेकिन चुनावी तस्वीर बता रही है कि उसके लिए राह आसान नहीं है। भाजपा के लिए अब अगले तीनों, यानी पांचवां, छठा और सातवां चरण ज्यादा चुनौती भरा है। अब तक चार चरणों में दो-तिहाई यानी तीन सौ तिहत्तर सीटों पर वोट पड़ चुके हैं। बाकी तीन चरणों में एक तिहाई सीटों के लिए मतदान होना है। ये वे सीटें हैं जहां भाजपा को इस बार पहले के मुकाबले ज्यादा बड़ी चुनौती मिल रही है।

भाजपा 2014 में पूर्ण बहुमत हासिल करके सत्ता में आई थी। अब जनता के बीच पिछले पांच साल की उपलब्धियों का जिस तरह से प्रचार किया जा रहा है और काम गिनाए जा रहे हैं, उसके बाद भी भाजपा सहित राजग के दलों के भीतर चुनाव चुनौती भरे माने जा रहे हैं। पार्टी के रणनीतिकारों को भी इस बात का अहसास है कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में इस बार मुकाबला आसान नहीं है। चौथे चरण में राजस्थान की आधी से ज्यादा यानी तेरह सीटों पर और मध्यप्रदेश की छह सीटों पर वोट पड़े हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में राजस्थान और मध्यप्रदेश से भाजपा ने विपक्ष को साफ कर दिया था। लेकिन पिछले साल दिसंबर में इन दोनों ही राज्यों में भाजपा को सत्ता से बाहर होना पड़ा। पांचवें चरण में सात राज्यों की जिन इक्यावन सीटों पर मतदान होना है, उनमें बारह राजस्थान की, सात मध्यप्रदेश की, सात पश्चिम बंगाल की और चौदह उत्तर प्रदेश की खास हैं जो सत्तारूढ़ भाजपा के लिए काफी अहमियत रखती हैं। इन्हीं में अमेठी और रायबरेली की सीटें हैं जहां से कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी चुनावी मैदान में हैं। अमेठी की सीट भाजपा के लिए प्रतिष्ठा की सीट बन गई है, जहां से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मैदान में हैं।

अब अंतिम तीन चरणों में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल प्रमुख राज्य हैं जहां भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंकी हुई है। पश्चिम बंगाल में अभी तेईस सीटों पर वोट पड़ने हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल की सभी सीटों पर चुनाव है। दिल्ली की भी सभी सातों सीटों पर छठे चरण में मतदान होगा। उत्तर प्रदेश में भाजपा के लिए परेशानी का सबसे बड़ा कारण सपा-बसपा गठबंधन बना है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश में प्रियंका गांधी के चुनाव प्रचार ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जान फूंक दी है। भाजपा इस हकीकत को अच्छी तरह समझ रही है। पश्चिम बंगाल में ज्यादातर सीटों पर मुकाबला तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच है। ऐसे में दीदी के गढ़ में भाजपा का ग्राफ कितना बढ़ता है, यह वक्त ही बताएगा।

आतंक का दायरा

हाल में श्रीलंका में हुए आतंकी विस्फोटों के बाद होने वाली कार्रवाई में जांच जिस दिशा में बढ़ रही है, उससे साफ है कि कुछ खास समूहों के कट्टर और अलगाववादी रवैये की अनदेखी का कैसा नुकसान उठाना पड़ सकता है। यों इस तरह के हमलों में कई बातें समान पाए जाने के बाद पहले ही इस बात की आशंका जताई जा रही थी कि आइएस यानी इस्लामिक स्टेट अपनी गतिविधियों का विस्तार कर रहा है। लेकिन मुश्किल यह है कि जब तक कोई बड़ी और त्रासद घटना सामने नहीं आती है, तब तक सरकारों और संबंधित महकमों की नींद नहीं खुलती है। अब श्रीलंका में हुए विस्फोटों की जांच की जद में जो बातें सामने आ रही हैं, उनके तार भारत में मौजूद कुछ संगठनों से भी जुड़ते दिख रहे हैं। इस मसले पर केंद्रित अपनी जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआइए ने रविवार को केरल में कासरगोड और पलक्कड में कई जगहों पर छापे मारे, जिसमें तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। वास्तविक तथ्य तो विस्तार से होने वाली जांच और उसके नतीजे के बाद ही सामने आएंगे, लेकिन माना जा रहा है कि हिरासत में लिए गए तीनों लोगों पर जाफरान हाशिम के कथित अनुयायी होने का संदेह है।

गौरतलब है कि 21 अप्रैल को श्रीलंका में ईस्टर के दिन हुए आतंकवादी विस्फोटों के लिए मुख्य संदिग्ध इस्लामिक उपदेशक जाहरान हाशिम को जिम्मेदार माना जा रहा है। उसके खिलाफ अब तक कोई ठोस कामयाबी तो नहीं मिली है, लेकिन आशंका है कि श्रीलंका में हुए हमले में आत्मघाती हमलावर बन कर उसने खुद को भी उड़ा लिया था या फिर वह फरार है। दरअसल, एनआइए को सबसे पहला शक हाशिम के समर्थक माने जाने वाले कुछ लोगों पर तब हुआ जब उनके सोशल मीडिया के वाल की जांच की गई। वहां कई ऑडियो टेप थे, जिनसे यह पता चला कि कुछ युवा हाशिम के विचार और आतंकवाद के रास्ते से अपना धार्मिक मकसद पूरा करने में विश्वास करते हैं। हालांकि इस्लाम के जानकारों ने साफतौर पर कहा है कि हाशिम जिस तरह की बातें करता था, वे इस्लाम की बुनियादी शिक्षा से बिल्कुल अलग थीं। इसमें हैरान होने वाली बात इसलिए भी नहीं है कि वास्तव में कोई भी मजहब आतंकवाद की शिक्षा नहीं देता। लेकिन मजहब के नाम पर समूचे समुदाय को संचालित करने वाले कुछ लोग साधारण लोगों को अपनी बातों और विचार के जाल में जरूर फंसाते हैं।

इस लिहाज से देखें तो एनआइए ने केरल में अपनी जांच में जिन लोगों को हिरासत में लिया है और जिस तरह का सामान बरामद किया है, अगर इन सबके तार वास्तव में श्रीलंका में हुए आतंकी हमले से जुड़ते हैं तो यह भारत के लिए भी चिंता की बात है। यों श्रीलंका में हुए विस्फोटों के बाद यह खबर आई थी कि इसी मामले की जांच के दौरान एनआइए को कुछ ऐसे सबूत मिले थे, जिनके आधार पर भारत ने खुफिया जानकारी के तहत श्रीलंका को किसी आतंकी हमले के संकेत दिए थे। लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें बहुत गंभीरता से नहीं लिया गया। इसका नतीजा क्या हुआ, अब एक बेहद दुखद अध्याय के रूप में दुनिया के सामने है। अब एनआइए की जांच में अगर श्रीलंका में आतंकी विस्फोटों की साजिश का सिरा भारत में काम कर रहे किसी संगठन से जुड़ा पाया जाता है तो इस मसले पर ठोस कदम उठाना होगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि भारत की ओर से श्रीलंका को आतंकी हमले के खुफिया संकेत की मामूली अनदेखी की कीमत कितनी त्रासद साबित हुई!

कल्पमेधा

दुष्ट बुद्धि व्यक्ति दूसरों के अच्छे गुणों को जानने की वैसी इच्छा नहीं रखते जैसी उनके अवगुणों को जानने की।

–महाभारत

जोखिम का आकलन जरूरी

वीरेंद्र कुमार पैन्यूली

पहाड़ों में जब भी किसी छोटी या बड़ी जलविद्युत परियोजना के प्रभावों का अध्ययन किया जाना हो तो परियोजनाओं के लिए बनी या बनने वाली सड़कों का, पेड़ों का, जल स्रोतों व भूस्खलन क्षेत्रों पर क्या असर पड़ेगा, इसका भी संज्ञान लिया जाना चाहिए, जो कि अक्सर नहीं लिया जाता है। इससे पारिस्थितिकीय संतुलन बिगड़ता है। लगातार भूस्खलन और भूक्षरण के क्षेत्रों के बनने का खतरा तेजी से बढ़ता है।

भारत के हिमालयी राज्यों में मौजूद, प्रस्तावित और निर्माणाधीन पनबिजली परियोजनाओं की भीड़-सी लग गई है। हर पहाड़ी राज्य ऊर्जा प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। समस्या यह है कि बिजली का करंट तारों में ही नहीं, लोगों को भी लग रहा है। संवेदनशील व दुर्गम क्षेत्र होने के कारण वहां ऐसे भारी उद्योग भी नहीं लगे हैं जिन्हें बहुत बिजली की जरूरत हो और लोगों को भारी रोजगार मिल रहा हो। बल्कि होता यह है कि परियोजनाओं की ठेकेदारी में तो जरूर अकूत कमाई हो जाती है, लेकिन परियोजना निर्माण के बाद कुल रोजगार एक तिहाई भी नहीं रह जाता है। स्थानीय लोगों को जो काम मिलता है वह परियोजना निर्माण के दौरान ही मिल पाता है। लेकिन यह स्थायी रोजगार नहीं होता।

कम से कम हिमाचल और उत्तराखंड में तो ऐसी स्थिति बन गई है कि एक परियोजना का क्षेत्र खत्म हुआ नहीं कि दूसरी परियोजना का क्षेत्र शुरू हो जाता है। निस्संदेह इनमें छोटी-बड़ी, कुछ सरकारी तथा कुछ निजी क्षेत्र की परियोजनाएं होती हैं। कुछ परियोजनाएं राज्यों के बीच भौगोलिक कारणों से साझेदारी की भी होती हैं। कुछ के साथ साझेदारी प्राकृतिक संसाधनों की नहीं, वित्तीय होती है। परियोजनाओं का समुदायों द्वारा विरोध भी होता है। उत्तराखंड में तो एक बार यह भी हुआ था कि जुलाई 2010 में तत्कालीन राज्य सरकार ने अपनी छप्पन पनबिजली परियोजनाओं का आबंटन निरस्त कर दिया था। जनता पूरे राज्य में इन योजनाओं के कारण, खेती, पशुपालन, जल-स्रोतों, घरों और मार्गों पर पड़ने वाले कुप्रभावों से पीड़ित होकर इन परियोजनाओं को रुकवाने के लिए लामबंद हुई थी। अब कई परियोजनाओं के लिए दस-पंद्रह किलोमीटर से भी लंबी सुरंगों से नदियों का पानी मोड़ा जा रहा है। इनसे एक तरफ तो कई किलोमीटर नदियों के क्षेत्र सूखे पड़ जाते हैं। जिन गांवों के नीचे से जलविद्युत परियोजनाओं की लंबी-लंबी सुरंगें जाती हैं, उनकी खेती, पशुपालन, जल-स्रोत और आवास सब क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। गांवों का विस्थापन तक करना पड़ता है। इसका उदाहरण चमोली जिले का चांई गांव है। कहने वाले कहते हैं कि उत्तराखंड में ऐसी कोई छोटी-बड़ी नदी नहीं बची है जिस पर जलविद्युत परियोजनाएं न लगी हों।

एक बार केंद्र सरकार ने भी उत्तराखंड में निर्माणाधीन व नई प्रस्तावित पनबिजली परियोजनाओं की स्वीकृति तब तक के लिए स्थगित कर दी थी जब तक इनसे पड़ने वाले पर्यावरणीय प्रभावों का विशेषज्ञ आकलन नहीं हो जाता। वैधानिक आवश्यकता तो यह पहले भी थी कि पहाड़ों में किसी भी परियोजना को केंद्र की पर्यावरणीय स्वीकृति के बिना शुरू नहीं किया जा सकता है, खासकर जब इनसे जंगलों का मामला भी जुड़ा हो। परियोजनाओं के प्रभाव आकलन में अब सामूहिकता प्रभाव का संदर्भ भी प्रासंगिक हो गया है। इसके अंतर्गत होना तो यह चाहिए कि ऐसे अध्ययन क्षेत्रीय पारिस्थितिकी प्रभाव आकलन तक ही सीमित न रहें।

सामान्य रूप से परियोजनाओं का सामूहिक प्रभाव आकलन नहीं होता है। वह इकाई या एकल आकलन होता है यानी एक परियोजना का। परंतु जिस प्रकार उत्तराखंड में पांच सौ पचास से ज्यादा छोटी-बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं को बनना है, इनके लिए पहाड़ों में सैकड़ों किलोमीटर सुरंगें बननी हैं, उनका लाखों टन मलबा निकलना है, सुरंगों के ऊपर व नीचे बसे गांवों को जर्जर होना है, उनसे जगह-जगह नदियों की मूल धाराओं की दिशाओं को बदलने का क्रम जारी है। पहले के बहते पानी के क्षेत्रों को कहीं-कहीं सूखा भी कर दिया जाता है। स्थानीय मौसम में खासकर नमी के क्षेत्रों में भी बदलाव आते हैं और भविष्य में आएंगे तो ऐसे में एकल प्रभाव आकलन की जगह सामूहिक प्रभाव आकलन ही उचित रहेगा। इससे खेती पर भी असर पड़ा है।

पहाड़ों में जब भी किसी छोटी या बड़ी जलविद्युत परियोजना के प्रभावों का अध्ययन किया जाना हो तो परियोजनाओं के लिए बनी या बनने वाली सड़कों का, पेड़ों का, जल स्रोतों व भूस्खलन क्षेत्रों पर क्या असर पड़ेगा, इसका भी संज्ञान लिया जाना चाहिए, जो कि अक्सर नहीं लिया जाता है। इससे पारिस्थितिकीय संतुलन बिगड़ता है। लगातार भूस्खलन और भूक्षरण के क्षेत्रों के बनने का खतरा तेजी से बढ़ता है। ऐसा भी होता है कि अधिकांश बिजली परियोजनाओं के निर्माण के दौरान जो सड़कें, आवास, डंपिंग जोन आदि बनाए जाते हैं, वे निर्माण के विभिन्न चरणों में बेकार होते जाते हैं। इसके लिए भी कोई अनुबंध भी नहीं किया जाता है कि परियोजना निर्माण पूरा होने के बाद सड़कों की



तोड़-फोड़ या भूस्खलन पर उसकी मरम्मत कौन करेगा, उसके लिए पैसा कहां से आएगा, उसका मलबा कौन हटाएगा, व्यक्तियों व संपदाओं को होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति कौन करेगा।

आमजन का यह भी अनुभव है कि पनबिजली योजनाओं के जाल बिछने के बाद पूरे उत्तराखंड में तराई से लेकर ऊपर पहाड़ों तक जंगली जानवरों को भी कई प्रकार की असुविधाएं हुई हैं। उनके प्राकृतिक गलियारों में अवरोध पैदा हुए हैं। उनके भोजन-पानी के क्षेत्रों व स्रोतों पर प्रतिकूल असर पड़ा है। इसका नतीजा यह हुआ है कि आमजन, उनके खेतों, घरों और मवेशियों पर आक्रमण बढ़े हैं। ऐसे ही व्यवधान पनबिजली परियोजनाओं से, जलाशयों के निर्माण से, जल प्रवाह की दिशा बदलने से, पानी के तापमान में अंतर आने से और कभी पानी छोड़ने या रोकने से जल स्तर में उतार-चढ़ाव से भी जलचरों और मछलियों पर प्रभाव पड़ रहे हैं। परियोजनाओं निर्माण और निर्माण सामग्री के लिए जो खुदाई करनी पड़ती है, उसके प्रभावों का आकलन भी शायद ही किया जाता है। जबकि पहाड़ों में खदानों का यहां तक कि नदियों की तलहटियों तक में रेत-बजरी के लिए भी खुदाई पर कुछ जगहों पर न्यायालयों की रोक लगी है। उत्तराखंड में तो नदियों के खुदान पर भी सुप्रीम कोर्ट की रोक लगी है।

अक्सर आपदाओं के खतरे के कारण उत्तराखंड, हिमाचल या अन्य पर्वतीय क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील हैं। ज्यादातर परियोजनाएं ऐसी बनी हैं जिनमें आपदा प्रबंधन को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। संकट के समय लोगों को बचाने के लिए ठोस और पर्याप्त इंतजाम नहीं होते। उदाहरण के तौर पर, ज्यादा पानी आने पर बांधों के फाटक अचानक बिना सूचना के खोलने से ही भारी नुकसान की खबरें अब उत्तराखंड व हिमाचल में आम बात हो गई हैं। कुछ साल पहले हिमाचल प्रदेश में हैदराबाद के एक इंजीनियरिंग कॉलेज के चौबीस छात्र-छात्राएं ब्यास नदी में अचानक पानी छोड़ दिए जाने से बह गए थे। यह घटना आज भले आई-गई हो गई हो, लेकिन जिन स्थितियों में एक पनबिजली परियोजना के जलाशय से पानी छोड़े जाने के कारण इतना बड़ा हादसा हुआ, वैसी स्थितियां कई जगह पैदा होती रही हैं। हिमाचल के इस हादसे के कुछ दिन बाद ही झारखंड में भी ऐसे ही बिना चेतावनी के बांध से पानी छोड़े जाने के कारण पांच छात्र पानी में फंस गए थे। उत्तराखंड लगातार कई सालों से ऐसे ही मनमानेपन को झेल रहा है। यहां भी स्थानीय लोगों और उनके मवेशियों का जीवन खतरे में है।

बड़े बांध, जलाशयों वाली परियोजनाओं पर इसलिए भी विवाद रहता है कि इनके कारण स्थानीय स्तर पर भूकंप उत्प्रेरित हो सकते हैं। किंतु आज पर्वतीय क्षेत्रों में भूकम्प से ज्यादा परियोजना वालों के लिए व उनसे आम आदमी के लिए भी भूस्खलन व बादल फटने के खतरे हैं। परियोजनाओं के सामूहिक प्रभाव आकलन में इनसे जुड़ी आपदाओं की प्रकृति में बदलाव की जमीनी हकीकत का आकलन होना चाहिए। इसके अलावा हाई टेंशन लाइनों से खेती, पशु व मानव नुकसान भी आपदा का ही रूप है। आने वाली पीढ़ियों को बिना गहन अध्ययन और वैकल्पिक संसाधनों के जल-जंगल-जमीन को संकट में नहीं डालना चाहिए। ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों के विकल्प तो हो सकते हैं, किंतु खोए जल, जंगल और जमीन के विकल्प प्रकृति से ही मिल सकते हैं।

प्रतिभा की कसौटी

अमिता तिवारी

दुनिया मेरे आगे

कुछ समय पहले दसवीं कक्षा की परीक्षाएं समाप्त हुई हैं। रिजल्ट आने के पहले ही माता-पिता अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कोचिंग संस्थानों के चक्कर लगाने लगे। बड़े-बड़े कोचिंग संस्थानों में अपने बच्चों का दाखिला कराने के लिए वे ऋण लेने के लिए भी तैयार हैं। सच यह है कि अनेक बड़े संस्थानों में कोचिंग ले रहे विद्यार्थी अवसाद से ग्रस्त हैं। कई बार तो यह अवसाद उन पर इस कदर हावी हो जाता है कि वे आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। आज भौतिकवादी दृष्टिकोण यह है कि जो व्यक्ति जितना बड़ा पैकेज ले रहा है, वह उतना सफल और मेधावी है। इसके अलावा, आज हर अभिभावक अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर के अतिरिक्त और कुछ बनाना ही नहीं चाहता। वे संस्थान भी मशहूर खोजते हैं। अभिभावकों के जीवन में बच्चों की रुचियों, उनकी आकांक्षाओं और प्रतिभा का कोई महत्त्व नहीं होता।

यह बेवजह नहीं है कि आज कुकुरमुत्तों की तरह कोचिंग संस्थानों की बाढ़-सी आ गई है, जिनका उद्देश्य उच्च शिक्षा देना या विद्यार्थियों की प्रतिभा का विकास करना नहीं, बल्कि अधिक से अधिक पैसा कमाना है। इसी प्रक्रिया में कहीं न कहीं वह बच्चा भी प्रभावित होता है जो इनसे जुड़ा है। होना तो यह चाहिए कि कोचिंग संस्थान जितने बच्चों का दाखिला करते हैं, उन पर अपने दावे के मुताबिक वे बराबर ध्यान दें, उनकी क्षमतानुसार उन्हें शिक्षा दें, उनकी प्रतिभा का विकास करें। पर ऐसा होता नहीं है। वे सभी विद्यार्थियों को एक डंडे से हांकते हैं और सरपट दौड़ाते हुए पाठ्यक्रम पूरा करने की होड़ में यह भूल जाते हैं कि कुछ बच्चे इस राह पर चल भी नहीं सकते तो वे सबके साथ बराबर स्तर पर दौड़ कैसे सकते हैं! ऐसे ही कुछ बच्चों के मन में हीनता बोध पैदा हो जाता है। उन्हें ग्लानि होती है कि उन्होंने अपने माता-पिता का पैसा बर्बाद कर दिया। फिर तनाव जब चरम पर पहुंचता है तब वे आत्महत्या जैसा कदम भी उठा लेते हैं। तनाव के क्षणों में उनकी काउंसलिंग करने वाला उनका अपना कोई नहीं होता जो उन्हें यह समझाए कि सफलता के रास्ते और मौके और भी हैं।

होना यह चाहिए कि जो पाठ स्कूल में पढ़ाया जा रहा है, वही कोचिंग संस्थानों में भी पढ़ाया जाए। इससे विद्यार्थियों का मानसिक दबाव और तनाव कम होगा और उन्हें बात भी अच्छी तरह से समझ आ जाएगी। पढ़ाई के लिए स्कूल से लेकर कोचिंग तक के समय में भी तालमेल जरूरी है, ताकि बच्चों की थकान और उन पर दवाब का खयाल रखा जा सके। एक सीमा के बाद हरेक व्यक्ति को शारीरिक रूप से आराम चाहिए होता है, पर अभिभावक समझते हैं कि हमारे बच्चे बिना खाए-पिए, बगैर आराम किए या सोए लगातार पढ़ते रहेंगे। अभिभावकों को समझना चाहिए कि हरेक बच्चे की शारीरिक और मानसिक क्षमता अलग होती है, मगर वे अपने से अधिक दूसरों के बच्चों को देखते हैं। जबकि उन्हें अपने बच्चों के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरे मेधावी बच्चे को देख कर अपने बच्चे को निकम्मा नहीं कहना चाहिए। उन्हें यह ताना नहीं देना चाहिए कि तेरे लिए कई लाख रुपए कोचिंग पर खर्च कर दिए... तू उन्हें डुबो रहा है।

यह जरूरी नहीं है कि जो बच्चा क्लास में दस में से दस अंक नहीं ला रहा, वह कल कुछ नहीं कर पाएगा। अगर हम एक निगाह कुछ सफल लोगों के बचपन पर नजर डालें तो पाएंगे कि अपने जीवन में जो लोग सफलता के शिखर पर पहुंचे हैं, वे बचपन में जीनियस नहीं थे। कई बार हमारी असफलता हमारी सफलता की पहली सीढ़ी होती है। आज आइंस्टीन का नाम बड़े गर्व से लिया जाता है। जबकि आइंस्टीन के आलस, मूर्खता और न सुनने की प्रवृत्ति के कारण उनके शिक्षकों ने उन्हें स्कूल से निकाल दिया था, पर उनकी माता ने उन्हें धिक्कारा नहीं, बल्कि उन्हें यह अहसास दिलाया कि वे जीनियस हैं और वे जीनियस बने। आइंस्टीन अपने जीवन में नकारात्मक परिस्थितियों से हताश निराश नहीं हुए। उन्होंने संघर्ष करना नहीं छोड़ा, आत्मविश्वास नहीं खोया और अपने परिश्रम के आधार पर नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया। चाल्स डार्विन, न्यूटन, थॉमस एडीसन आदि सभी सामान्य बालक थे।

कहने का आशय यह कि स्कूल के जीवन में असफल व्यक्ति भी अपने जीवन में सफलता के शिखर पर पहुंच सकता है। यह सच है कि केवल कोचिंग इंस्टीट्यूट के सहारे बच्चे नहीं पढ़ते। बच्चों को माता-पिता के भावनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। माता-पिता का दायित्व केवल अच्छे स्कूल और कोचिंग संस्थान में दाखिला करा कर ही नहीं पूरा हो जाता। जो बच्चे सफलता प्राप्त करते हैं, उनके पीछे उनके माता-पिता का संघर्ष और उनका साथ होता है। बच्चों को माता-पिता का समय और साथ चाहिए होता है, न कि केवल ट्यूशन और कोचिंग की फीस।

मौन मतदाता

इस चुनाव में और पिछली बार के चुनाव में भी यह सवाल आम रहा है कि विपक्ष का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन है? जवाब किसी के पास नहीं है। इसलिए नहीं कि यहां अमेरिका की तरह दो पार्टियों का मुकाबला नहीं है। यहां दो गठबंधनों का भी मुकाबला राष्ट्रीय स्तर पर नहीं है; बस महाराष्ट्र, बिहार, तमिलनाडु में है, बाकी राज्यों में कोई संयुक्त विपक्षी गठबंधन है ही नहीं। कर्नाटक में कांग्रेस-जनता दल (एस) गठबंधन है, जिसके सामने भाजपा अकेली है तो उत्तर प्रदेश में भाजपा-अपना दल-निषाद का राजग है, सपा-बसपा-रालोद का महागठबंधन है मगर कांग्रेस अकेली है। वैसे भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया में चुनाव से पहले प्रधानमंत्री उम्मीदवार कोई जरूरी होता भी नहीं है, क्योंकि चुनाव सांसदों का होता है। जो पार्टी या गठबंधन जीतता है, उसके चुने हुए जनप्रतिनिधि अपना नेता चुनते हैं। तो यह वैकल्पिक होता है कि चाहे तो कोई चेहरा आगे करके लड़े और चाहे तो न लड़े।

कांग्रेस ने औपचारिक रूप से किसी चेहरे को आगे नहीं किया है, न यूपीए ने किया है, न किसी और विपक्षी पार्टी ने, लेकिन भाजपा और उसके तीन दर्जन घटकों ने तीन-चार साल पहले ही मौजूदा प्रधानमंत्री को 2019 के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया था। इस बार 50 दिन के चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री का कम से कम 150 चुनावी सभाएं करने का कार्यक्रम है यानी औसतन तीन रैलियां या रोड शो रोजाना। 23 अप्रैल तक प्रधानमंत्री कुल 65 हजार 302 किलोमीटर की यात्रा कर चुके हैं। यहां एक दिलचस्प आंकड़ा गौरतलब है कि प्रधानमंत्री से भी ज्यादा दूरी राहुल गांधी उतने ही दिनों में नाप चुके हैं, 84 हजार 990 किलोमीटर यानी करीब 20 हजार किलोमीटर ज्यादा। इसकी न मीडिया में चर्चा है, न खुद कांग्रेस भाजपा की तरह इवेंट बना कर पेश कर पा रही है।

हमें खुद नहीं पता कि जब उत्तर प्रदेश, बंगाल, बिहार जैसे राज्यों में कांग्रेस कुल मिलाकर दर्जन भर सीटें लाती भी नहीं दिख रही तो राहुल गांधी आखिर कहां चुनाव प्रचार कर रहे हैं, किन इलाकों को नाप रहे हैं? क्या वे उन साइलेंट वोटर्स यानी मौन मतदाताओं को साधने में लगे हैं, जो अपने पत्ते नहीं खोल रहे? भाजपा समर्थक हमेशा से मुखर होते हैं, जहां जीतने की स्थिति में होते हैं, वहां विरोधियों की जमानत जब्त कराने की बात करते हैं और जहां हारने की स्थिति में होते हैं वहां भी जीत का माहौल बनाए रखते हैं, यह हम सब जानते हैं। दूसरी ओर, उसे वोट न देने वाले मौन साधे रहते हैं, क्योंकि उनके सामने राष्ट्रीय स्तर पर कोई विकल्प है नहीं और आक्रामक प्रतिक्रिया से डरे-सहमे भी रहते हैं और तादाद इनकी भी कम नहीं है।

ये मौन मतदाता ही इस चुनाव की असली गुत्थी हैं। जब लोगों से यह पूछा जाता है कि किसे वोट देंगे तो हर दूसरे वोटर का जवाब होता है, अभी तय नहीं किया है और जब पूछा जाता है कि हवा किसकी है तो जवाब होता है, इस बार वैसी तो कोई हवा दिख नहीं रही! यही सवाल अगर भाजपा समर्थक से पूछा जाए तो जवाब 300 तो छोड़िए 400 सीट के पार भी पहुंच जाता है और हवा तो छोड़िए लहर और सुनामी चलने लगती है! अब पता नहीं जमीनी सच्चाई क्या है, क्योंकि मीडिया और सोशल मीडिया की बहस या जनसभाओं की भीड़ वोट में बदल भी सकती है और नहीं भी। लेकिन असली फर्क शहरी लोकसभा सीटों और ग्रामीण लोकसभा सीटों की जमीनी स्थिति से पता चलता है, जिसका आकलन घर या ऑफिस में बैठ कर कर पाना संभव नहीं होता।

● *मो. ताबिश, जामिया, नई दिल्ली*

महंगा चुनाव

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान पूरा होने तक चुनाव आयोग ने देश भर में 742 करोड़ की नकदी और 1180 करोड़ रुपए से अधिक के मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। वर्ष 2014 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान आयोग की तरफ से जितने मूल्य की सामग्री और नकदी जब्त की गई थी, यह आंकड़ा उससे कहीं अधिक है। इस बार चुनाव में सबसे ज्यादा पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों और नकदी की बरामदगी का सिलसिला रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। इससे लगता है कि मौजूदा चुनाव अब तक के सभी चुनावों से अधिक महंगा साबित होगा।

● *संजू कुमार, उत्तरादाबास, हनुमानगढ़, राजस्थान*

फर्जी ही फर्जी

इन दिनों देश का चप्पा-चप्पा फर्जीवाड़े की गिरफ्त में है। फर्जी आयकर विभाग, फर्जी पुलिस, फर्जी टीसी, फर्जी वीडियो, फर्जी संदेश, फर्जी बैंक एसएमएस, फर्जी ऐप्स, न जाने क्या-क्या सब फर्जी! इस फर्जीवाड़े का शिकार हो रहे हैं आमजन। आमजन को इस फर्जीवाड़े से बचाने की जिम्मेदारी सरकार की है लेकिन लगता है कि सरकार डाल-डाल है तो ये फर्जीवाड़ा (ठगी) करने वाले पात-पात हैं! आखिर कोई तो इनसे पिंड छुड़ाए? क्या बेबस जनता ऐसे ही इनका शिकार होती रहेगी? बढ़ता फर्जीवाड़ा व ठगी इस बात का प्रमाण है कि ये शातिर लोग इतने दुस्साहसी हो गए हैं कि उनमें देश के कानून (व्यवस्था) और पुलिस का कोई खौफ नहीं है!

● *हेमा हरि उपाध्याय, खाचरोद, उज्जैन*

गिरती रैंकिंग

हाल ही में मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में पूरब का ऑक्सफोर्ड कहा जाने वाला इलाहाबाद विश्वविद्यालय देश के शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों की सूची में भी अपना स्थान नहीं बना पाया है। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। इसके अनेक कारण हैं। सर्वप्रथम तो विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी और उचित शिक्षक-छात्र अनुपात न होना विश्वविद्यालय के शैक्षिक स्तर को प्रभावित करता है। अन्य कारणों में शोध का निम्न स्तर, विश्वविद्यालय परिसर में आए दिन पैदा रही अराजकता से बिगड़ा माहौल, शिक्षक भर्ती में गड़बड़ी आदि तमाम मुद्दे हैं जिनका असर यहां के शैक्षिक परिवेश पर पड़ता है। इस तरह के विवादों और बवाल की वजह से जनता में इस विश्वविद्यालय के प्रति सम्मान घटा है जिसकी जानकारी एनआईआरएफ द्वारा जारी हर वर्ष इसकी गिरती रैंकिंग से साफ है। 2016 में इसकी रैंकिंग 68 थी, 2017 में 27 स्थान गिर कर 95 हुई और 2018 में यह देश के 100 शीर्ष विश्वविद्यालयों की सूची में अपना स्थान नहीं बना सका। 2019 में सबसे खराब स्थिति के साथ देश के शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों की सूची से इसका बाहर होना सभी के लिए अत्यंत निराशाजनक है। इस विश्वविद्यालय की रैंकिंग सुधारने के लिए केवल विश्वविद्यालय प्रशासन का प्रतिबद्ध होना जरूरी नहीं है बल्कि प्रतिबद्धता यहां पढ़ रहे प्रत्येक छात्र में भी होनी चाहिए तभी यह अपना गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त कर सकेगा।

● *ऋषभ गुप्ता, मम्फोर्डगंज, प्रयागराज*

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

अमेरिका की रार

बौद्धिक संपदा नियमन को लेकर अमेरिका भारत समेत अनेक देशों पर लंबे अरसे से दबाव बनाता आ रहा है. पिछले हफ्ते अमेरिकी वाणिज्य प्रतिनिधि ने एक बार फिर भारत का नाम उस सूची में बरकरार रखा है, जिसमें शामिल देशों पर उसका आरोप है कि उनकी लापरवाही से अमेरिका के बौद्धिक संपदा अधिकारों को नुकसान हो रहा है. इस सूची में अन्य देश हैं- अलजीरिया, अर्जेंटीना, चिली, चीन, इंडोनेशिया, कुवैत, रूस, सऊदी अरब, यूक्रेन और वेनेजुएला. अमेरिका का कहना है कि भारतीय बाजार में उपलब्ध 20 फीसदी दवाएं नकल कर बनायी जा रही हैं. दवाओं के पेटेंट के कथित उल्लंघन के मामले में उसने चीन और भारत को विशेष रूप से दोषी ठहराया है. भारत ने पिछले साल 19.2 अरब डॉलर मूल्य की दवाओं का निर्यात किया था. इस संबंध में भारत को उस अंतरराष्ट्रीय समझौते के तहत आयात शुल्कों पर छूट है, जिसके तहत विकसित देश विकासशील देशों को सहयोग करते हैं. लेकिन, अमेरिका ने दवाओं समेत अनेक आयातित वस्तुओं पर शुल्क नहीं लगाने की नीति में बदलाव के बारे में भारत को सूचित कर दिया है. ऐसा होने पर अमेरिका को होनेवाले भारतीय निर्यात पर नकारात्मक असर पड़ सकता है. हालांकि, अमेरिका ने माना है कि भारत ने बौद्धिक संपदा को सुरक्षित रखने के लिए कदम उठाया है, पर उसका आग्रह नियमन को और भी कठोर बनाने का है. निश्चित रूप से यह रुख दबाव बनाने के इरादे से अपनाया गया है. भारत ने वैश्विक नियमों के अनुरूप नियमन करने के साथ यह प्रयास भी किया है कि दवाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध हों. विभिन्न विकासशील देशों के सार्वजनिक स्वास्थ्य को इससे बहुत मदद मिली है, क्योंकि गरीब और कम आमदनी के लोग भी दवाएं, खासकर जेनेरिक दवाएं, खरीद पा रहे हैं. दुनियाभर में आपदा पीड़ित लोगों को चिकित्सकीय सेवाएं मुहैया करानेवाली स्वयंसेवी संस्था 'मेडिसिन सांस फ्रंटियर्स' का कहना है कि अमेरिका अपने ताकतवर दवा उद्योग के इशारे पर भारत पर बेमानी दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है. भारत ने अमेरिकी आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि यह सस्ती जेनेरिक दवाओं और तेजी से बढ़ते दवा निर्माण उद्योग के खिलाफ उठाया गया कदम है. इन दवाओं की वैश्विक मांग का 20 फीसदी से अधिक हिस्सा भारत आपूर्ति करता है. अमेरिका में ही भारत के दवा निर्यात का लगभग 30 फीसदी भाग जाता है. हमारा 55 फीसदी निर्यात तो उन देशों में होता है, जहां संबंधित नियमन बहुत मजबूत हैं. ऐसे में सिर्फ अमेरिका को ही भारतीय दवाओं से परेशानी क्यों है? यदि अपने देश के भीतर दवा बाजार को देखें, तो 75 फीसदी से ज्यादा बिक्री जेनेरिक दवाओं की ही होती है. नकली दवाओं की रोकथाम तथा अंतरराष्ट्रीय नियमन के मुताबिक, बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा पर अधिक ध्यान देने के साथ नियमन की आड़ में अमेरिका के वाणिज्यिक दबाव का सामना करने की चुनौती सरकार के सामने है.

भारत का 55 फीसदी निर्यात तो उन देशों में होता है, जहां संबंधित नियमन बहुत मजबूत हैं. ऐसे में सिर्फ अमेरिका को ही भारतीय दवाओं से परेशानी क्यों है?

बोधि वृक्ष

गुणधर्म

दुनिया में जितनी वस्तुएं हैं- जड़ हो या चेतन हो, हर वस्तु की अपनी अपनी विशेषता है, अपना गुणधर्म है. उसी में उसकी विशेषता, उसी में उसका जीवन है. किसी वस्तु को अचेतन हम इसलिए कहते हैं कि उसमें स्वतंत्र मन नहीं है. पत्थर की अपनी विशेषता है. बालू में भी अपनी विशेषता है, गुणधर्म है. इस दृष्टिकोण से चेतन में अचेतना में पार्थक्य बहुत कम है. जिसमें मन नहीं है उसे अचेतन कहते हैं और जिसमें मन है उसे चेतन कहते हैं, किंतु पेड़ और पौधों में भी मन है. जानते हो, जिसको हम स्थूल पदार्थ कहते हैं, उसमें भी मन है, विकसित रूप में नहीं है, अभिव्यक्त नहीं है. मन वहां भी है, किंतु वहां मन को जड़ पर नियंत्रण बिल्कुल नहीं है. अर्थात जड़ में भी मन और आत्मा है, किंतु उसकी जो सामवायिक संरचना है, उसको मन चला नहीं सकता है. इसलिए एक स्वतंत्र जीवात्मा का अस्तित्व उसके लिए मानना संभव नहीं होता है. पेड़ पौधों में विशेषता क्या है? उनका मन शरीर को चलाता है, किंतु वह मन विवेक के द्वारा परिचालित नहीं होता है. यही पार्थक्य है. समूची दुनिया में जितने मनुष्य हैं, एक वर्ग में आ जाते हैं. इसी कारण मैं कहता हूं कि मानव समाज एक सत्ता है, वह एक और अविभाज्य है. इंसानियत को जो टुकड़ों में बांटना चाहते हैं, वे धार्मिक नहीं हैं. ऑक्सीजन का अपना धर्म है, नाइट्रोजन का अपना धर्म है, वायु का अपना धर्म है, तथाकथित जड़वस्तु का अपना धर्म है, किंतु जड़ाधार पर मन का नियंत्रण नहीं रहने की वजह से मन की इच्छा अथवा अभीप्सा से जड़ संरचना का कोई संपर्क नहीं रहता है. किंतु पेड़-पौधे, और जीव तथा मनुष्य में ऐसा होता है, क्योंकि कहीं प्रत्यक्ष रूपेण, कहीं अप्रत्यक्ष रूपेण, कहीं कम, कहीं अधिक जड़ संरचना पर मन का प्रभाव होता है. वह मन से परिचालित है और इसकी वजह से उसका धर्म, मुख्यतः उसके मन का धर्म है. मन का धर्म है आनंद की प्राप्ति. अपने कल्याण के लिए, अपनी तरक्की के लिए मन जो कुछ भी करना चाहता है, दूसरों के लिए भी वैसा करना चाहे, तो उसको कहते हैं मानवता.

श्रीश्री आनंदमूर्ति

पार्टियां और उसकी सदस्यता

आकार पटेल
कार्यकारी निदेशक, एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया
delhi@prabhatkhabar.in

जब आप भाजपा की आधिकारिक वेबसाइट पर जाते हैं, तो आपको वहां एक संदेश मिलता है, जिसमें कहा गया है कि 'विश्व के सबसे बड़े दल की वेबसाइट पर आपका स्वागत है.' भाजपा के 10 करोड़ सदस्य हैं. तकरीबरन 10 वयस्क भारतीय में से एक भाजपा का सदस्य है. यह एक चौंका देनेवाला आंकड़ा है. वर्ष 2014 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 16 करोड़ मत मिले थे और उनमें अधिकांश हिस्सा भाजपा का था. इसका अर्थ यह हुआ कि इस पार्टी के लगभग उतने ही सदस्य हैं, जितने इसके मतदाता हैं. इसके आकार का मूल्यांकन करने के लिए दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) पर एक नजर डालते हैं. चीन एकदलीय शासन प्रणाली का राष्ट्र है. इस पार्टी के नौ करोड़ से अधिक सदस्य हैं, लेकिन इस पार्टी की सदस्यता लेना इतना आसान नहीं है. ऐसा इसलिए क्योंकि सरकार, सेना, बैंकिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य और राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों के सभी शीर्ष पद इस पार्टी के सदस्यों के पास होते हैं.

वर्ष 1921 में सीपीसी के केवल 57 सदस्य थे. वर्ष 2014 में 2.2 करोड़ चीनी लोगों ने सीपीसी की सदस्यता के लिए आवेदन किया था और उनमें से केवल 20 लाख लोगों को सदस्यता मिली. आवेदन करने से सदस्य बनने तक एक वर्ष का समय लगता है. आवेदन में एक पत्र शामिल करना जरूरी होता है, जो यह कहता है कि व्यक्ति सीपीसी पर विश्वास क्यों करता है. इससे तय होता है कि सदस्य के तौर पर उसकी भर्ती होगी या नहीं. उसके बाद आवेदक को एक अनिवार्य परीक्षा पास करनी होती है. परीक्षा में सफल होने के बाद व्यक्ति की स्क्रीनिंग होती है, उसके बाद उस व्यक्ति को दो ऐसे वर्तमान सदस्यों को तैयार करना होता है, जो उसकी सिफारिश करें. इन सब प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद उस व्यक्ति को परीविक्षा यानी प्रोबेशन पर स्वीकार कर लिया जाता है. जबकि भाजपा इस तरह से अपने सदस्यों को प्रतिबंधित नहीं करती है, लेकिन यह निःशुल्क नहीं है. भाजपा का सदस्यता शुल्क पांच रुपया है और उसके बाद कम से कम 100 रुपये का 'स्वैच्छिक' योगदान देना होता है. इस प्रकार इस पार्टी में शामिल होने के लिए प्रत्येक सदस्य को 105 रुपये या उससे अधिक का योगदान देना होता है. यदि वास्तव में सदस्य बनने की उनकी यही परिभाषा है, तो इस पार्टी ने अकेले सदस्यों से ही 1,000 करोड़ रुपये एकत्रित किये हैं. यह उल्लेखनीय है. इसके ठीक नीचे फार्म में आजीवन सहयोग निधि के तौर पर पार्टी कोष में योगदान के लिए कहा जाता है, जो न्यूनतम 1,000 रुपया है.

पाठकों को यह जानने में रुचि होगी कि भाजपा के संविधान में सभी सदस्यों के लिए यह शपथ लेना अनिवार्य है, जिसमें यह पंक्ति शामिल है, 'मैं पंथनिरपेक्ष राज्य और वैसा राष्ट्र जो पंथ आधारित नहीं है, की अवधारणा में विश्वास रखता हूं.' जो लोग इस दल को इसकी विचारधारा के माध्यम से जानते हैं, उनके लिए दिलचस्प यह है कि भाजपा का संविधान इस पंक्ति से शुरू होता है कि यह 'विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान और समाजवाद, पंथनिरपेक्षता और लोकतंत्र के इसके सिद्धांतों के प्रति पूरी आस्था और निष्ठा रखेगा.'

चूंकि भाजपा का नेतृत्व एक ऐसा नेता कर रहा है, जो मध्य वर्ग के बीच बहुत लोकप्रिय है, हम उम्मीद कर सकते हैं कि इसकी सदस्यता और स्वयंसेवकों की संख्या का विस्तार होता रहेगा.

अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा ने मिस्ड कॉल के जरिये लोगों को इसकी तरफ आकर्षित करने का कार्यक्रम शुरू किया. भाजपा विभिन्न शहरों में होर्डिंग्स पर इस फोन नंबर को प्रचारित करती है. इस नंबर पर कॉल करनेवाले व्यक्ति को एक संदेश भेजा जाता है और यह निश्चित करने के लिए कॉल किया जाता है कि वे पैसों का योगदान दे सकते हैं या स्वैच्छिक सेवा कर सकते हैं. एक कंप्यूटर रिकॉर्ड रखा जाता है कि संदेश या कॉल पर प्रत्येक व्यक्ति ने कैसी प्रतिक्रिया दी और उन्होंने क्या योगदान दिया, अपना समय या पैसा. इस तंत्र के जरिये, पार्टी यह देख सकती है कि समय के साथ किस व्यक्ति पर विश्वास किया जा सकता है और वे अपने प्रयासों पर केंद्रित हो सकते हैं. चूंकि भाजपा का नेतृत्व एक ऐसा नेता कर रहा है, जो मध्य वर्ग के बीच बहुत लोकप्रिय है, हम उम्मीद कर सकते हैं कि इसकी सदस्यता और स्वयंसेवकों की संख्या का विस्तार होता रहेगा.

इसके अतिरिक्त यह पार्टी विश्व के सबसे बड़े गैर-सरकारी संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ का भरोसा कर सकती है. पूरे भारत में 55,000 से अधिक संघ की शाखाएं हैं. इसके 6,000 पूर्णकालिक प्रचारक हैं, जो वर्तमान में चुनाव ड्यूटी पर तैनात हैं. लोगों को कैसे संगठित करना है, इसके लिए वे वर्षों से प्रशिक्षित किये गये हैं. आरएसएस की विचारधारा और उसके लक्ष्य से भले ही कोई असहमत हो सकता है, लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि उसने जो सेना तैयार की है, वह सक्षम और प्रतिबद्ध है. कुल मिलाकर देखा जाये, तो भाजपा के पास लोगों, नेटवर्क और पैसे के संदर्भ में विश्व की सबसे शक्तिशाली राजनीतिक मशीन है.

निश्चित तौर पर कांग्रेस पार्टी का एक लक्ष्य अपने संगठन के पुनर्निर्माण का होगा, ताकि वह भाजपा की बराबरी कर सके. राहुल गांधी पिछले 15 वर्षों से इस दल में हैं, बावजूद इसके अभी तक ऐसा नहीं हुआ है. भारत में अपने पहले 15 वर्षों के दौरान महात्मा गांधी ने चंपारण, खेड़ा, खिलाफत, असहयोग और दांडी नमक आंदोलन का नेतृत्व किया. इस कांग्रेस में हम समान स्तर की जमीनी गतिविधि नहीं पाते हैं. समाज को एकजुट करने के लिए पूर्व में जिस तरह के दृष्टिकोण के साथ यह पार्टी आगे बढ़ी थी, वैसा आज हमें देखने को नहीं मिलता है, या कम से कम मुझे ऐसा नहीं दिखता है. अपने विकास के कारण भी कुछ मायनों में जमीनी स्तर से इसने अपने जुड़ाव को खो दिया है. सेवा दल नाम से कांग्रेस का भी एक स्वयंसेवी संगठन है, जिसकी स्थापना आरएसएस से एक वर्ष पहले हुई थी. यह वह संगठन है जिसने स्वतंत्रतापूर्व के सभी आंदोलनों में कांग्रेस को संसाधन और जन समर्थन मुहैया कराया था. लेकिन स्वतंत्रता के बाद के दशकों में यह क्षीण होता गया, जबकि इस दौरान आरएसएस का लगातार विकास हुआ है.

सदस्यता, खास तौर से शुल्क आधारित सदस्यता, किसी दल की लोकप्रियता का सही सूचक है. कांगेस को अपनी गतिविधियों और भारत के लिए अपनी दृष्टि के आधार पर युवा भारतीयों को अपनी सदस्यता लेने के लिए प्रेरित करने की महती चुनौती है.

तेल के बाजार बिगाड़ते कारक

संजय बारू
वरिष्ठ पत्रकार
द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर के लेखक
sanjayabaru@gmail.com

आपूर्ति के पाले में वेनेजुएला से लेकर ईरान तक और मांग के पाले में फ्रांस से लेकिर भारत तक तेल के बाजार में एक बार फिर सियासतदानों और भूराजनीतिक रणनीतिकारों का दखल हावी है. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक स्तर पर 'उचित व्यापारिक व्यवहारों' की वकालत करते हुए वेनेजुएला तथा ईरान से तेल के निर्यात पर एकतरफा रोक लगाने जैसे अत्यंत अनुचित व्यापारिक व्यवहार का सहारा लिया है. ट्रंप के इस कदम से न केवल अमेरिका के अमित्र तेल निर्यातकों को, बल्कि उसके भारत जैसे मित्र देशों को भी चोट पहुंचेगी. भारत के कुल ऊर्जा उपभोग में जहां तेल का हिस्सा घटता तथा गैस एवं नवीकरणीयों का बढ़ता जा रहा है, वहीं दूसरी ओर यह भी एक तथ्य है कि पिछले दो दशकों के दौरान भारत के तेल उपभोग में आयातों का हिस्सा तेजी से बढ़कर अब 80 प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच चुका है. यही नहीं, इसके और भी अधिक बढ़ते हुए जल्दी ही 90 प्रतिशत से भी अधिक हो जाने का अनुमान भी किया जाता है.

ऊर्जा के वैश्विक परिदृश्य के संदर्भ में संभावित भूराजनीतिक जोखिमें तेल के बाजारों को एक बार पुनः अव्यवस्थित कर दे सकती हैं. इस सामान्य-से दिखते अवलोकन की अहमियत पर जोर दिये बगैर सत्तामूलक सियासत के उस कारक को नहीं समझा जा सकता, जो तेल के बाजारों के साथ-साथ खासकर विश्व की निर्धन अर्थव्यवस्थाओं के विकास की संभावनाएं भी सतत बाधित किये दे रहा है. विडंबना यह है कि आर्थिक विश्लेषकों की एक बड़ी तादाद अपने विश्लेषणों में इन जोखिमों को शामिल ही नहीं करती.

भारत कच्चे तेल की अपनी आवश्यकताओं के दो-तिहाई से भी ज्यादा की पूर्ति मुख्यतः इराक, सऊदी अरब एवं ईरान जैसे पश्चिम एशियाई देशों से करता है. पिछले तीन वर्षों में वेनेजुएला से हमारा तेल आयात घटा है, जबकि इसी दौरान ईरान से इसमें बढ़ोतरी हुई है. अमेरिका से भी हमारे यहां इस आपूर्ति का तीन प्रतिशत तेल आता है. ईरान से हमारे तेल आयात के अपने अलग आर्थिक एवं भूराजनीतिक आयाम हैं. आर्थिक आयाम उसके तेल की कीमत है, क्योंकि ईरानी तेल हमारे लिए सस्ता पड़ता है और हाल में तो ईरान से आयातित तेल का यह मूल्य वस्तुओं की अदला-बदली की व्यवस्थाओं द्वारा भी चुकाया गया है. इस आयात का भूराजनीतिक पहलू ईरान द्वारा भारत को अफगानिस्तान एवं मध्य एशिया तक पहुंच की पेशकश है. हाल में भारत ने पश्चिम एशिया के शिया देशों (इराक एवं ईरान) के साथ ही सुन्नी देशों (सऊदी अरब और यूएई) के साथ भी अपने संबंधों को बेहतर करने की कोशिशें की हैं.

भारत के सामने इसके अलावा कोई अन्य उपाय नहीं कि वह अमेरिका तथा ईरान दोनों ही के साथ सामंजस्य बिठाये. उसे अपनी भंगिमाओं से एक ओर तो राष्ट्रपति ट्रंप को प्रसन्न रखना पड़ेगा, जबकि दूसरी ओर उसे ईरान को भी अच्छे रिश्तों का आश्वासन देते रहना होगा.

अमेरिका द्वारा ईरान पर आतंक के निर्यात का आरोप पाकिस्तान के साथ अस्पष्ट अमेरिकी नीति के आलोक में खोखला ही लगता है. प्रत्येक देश के अपने विशिष्ट आर्थिक तथा भूराजनीतिक हित होते हैं, जो उसके नीति संबंधी विकल्पों की दिशा तय करते हैं. इसलिए भारत के सामने इसके अलावा कोई अन्य उपाय नहीं कि वह अमेरिका तथा ईरान दोनों ही के साथ सामंजस्य बिठाये. उसे अपनी भंगिमाओं से एक ओर तो राष्ट्रपति ट्रंप को प्रसन्न रखना पड़ेगा, जबकि दूसरी ओर उसे ईरान को भी अच्छे रिश्तों का आश्वासन देते रहना होगा. जहां भारत सरकार को तेल की भूराजनीति से निपटना है, वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को तेल की घरेलू सियासत से भी दो-चार होना है. सोनिया कांग्रेस एवं वाम मोर्चे ने सरकार से यह मांग की है कि वह अमेरिका की नीति का अनुसरण न करते हुए ईरान पर उसके द्वारा लगाये प्रतिबंधों को खारिज कर दे. कांग्रेस का दुर्भाग्य है कि वह इस मुद्दे पर एक कमजोर स्थिति में है. भारत को तेल के निर्यातकों में ईरान वर्ष 2013 के सातवें पायदान से उठकर 2018 में तीसरे स्थान पर पहुंच गया.

यह एक सच्चाई है कि यूपीए सरकार के दौरान भी अमेरिकी दबाव के चलते भारत सरकार को समय-समय पर ईरान से तेल के आयात में कमी करनी पड़ती थी. इसलिए कांग्रेस प्रवक्ता द्वारा मोदी सरकार के लिए इस मामले में दी गयी चेतावनी का कोई अर्थ नहीं है. तथ्य यह है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान मोदी सरकार ने ईरान से कच्चे तेल के आयात में 36.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए ईरान को सऊदी अरब तथा इराक के बाद भारत को कच्चे तेल का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक बना डाला है.

अलबत्ता, वाम मोर्चा अवश्य ही ईरानी तेल आयात पर अपनी नीति के मुतल्लिक ज्यादा एकरूप रहा है, पर वह उसकी अमेरिका-विरोधी नीति के साथ ही उसके द्वारा अपने मुस्लिम मतदाताओं का ख्याल रखने का प्रतिफल है. यूपीए सरकार के दौरान वाम दल जब भी तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को अमेरिका और ईरान के साथ उनकी नीतियों को लेकर नसीहतें देते, तो वे न केवल उन्हें यह याद दिलाना न भूलते कि उन्हें भारत के राष्ट्रीय हितों की पूरी जानकारी है, बल्कि 'विदेश नीति के सांप्रदायीकरण' की उनकी कोशिशों की आलोचना भी किया करते. दरअसल, तेल के बाजारों के लिए राजनीति एवं भूराजनीति की रपटीली राहों से होकर गुजरने के सिवाय कोई अन्य चारा भी तो नहीं है.

(अनुवाद : विजय नंदन)

आपके पत्र

अमेरिका कौन होता है भारत के लिए नियम तय करने वाला

अमेरिका द्वारा ईरान पर लगाया गया प्रतिबंध दो मई से लागू हो जायेगा. इस प्रतिबंध से भारत समेत आठ देशों को छह माह की छूट भी समाप्त हो रही है. अब सभी देशों पर अमेरिका का दबाव है कि ईरान से तेल लेना बंद करें, सवाल यह है कि क्या कोई देश दूसरे के स्वार्थ के लिए अपनी अर्थव्यवस्था को खतरे में डाल सकता है? विश्व के सभी देश राजनीतिक और आर्थिक रूप से स्वतंत्र हैं तो फिर अमेरिका कौन होता भारत का नियम तय करने वाला की भारत किससे व्यापार करेगा और किससे नहीं. यदि भारत इस प्रतिबंध का पालन करता है, तो हमे आर्थिक रूप से बहुत नुकसान उठाना पड़ेगा. एक अनुमान है कि पेट्रोल का दाम 10 रुपये तक बढ़ सकता है और महंगाई दर 0.24 बढ़ सकती है. अमेरिका की सदियों पुरानी परंपरा है कि ओ अपने हित के लिए दूसरों को धमकाता है और इस्तेमाल करता है.

आशीष कुमार, बिरनी, गिरीडीह

जनता को है जनता दल यूनाइटेड के घोषणापत्र का इंतजार

17 वें लोकसभा चुनाव का चौथा चरण 29 अप्रैल को संपन्न हो गया. अब तक 377 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है. ये कुल सीटों का 68 फीसदी है. बिहार में 19 सीटों पर भी अब तक चुनाव हो चुका है. बिहार को ही देखें, तो करीब करीब आधा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव का महा कार्य संपन्न हो गया है. देश की तमाम छोटी-बड़ी पार्टियों ने अपना-अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है, मगर आश्चर्य की बात है की जनता दल यूनाइटेड ने अभी तक अपना घोषणा पत्र जारी नहीं किया है. इसका कोई संतोष जनक जवाब पार्टी पदाधिकारियों से नहीं मिल पा रहा है. सीट बंटवारे के हिसाब से भाजपा और जेडीयू 17-17 सीटों पर और लोकजनशक्ति पार्टी छह सीटों पर चुनाव लड़ रही है. जेडीयू का घोषणापत्र जारी नहीं होने का क्या मतलब लगाया जाए ?

जंग बहादुर सिंह, गोलपहाड़ी,जमशेदपुर

इस बार के लोकसभा चुनाव में कम हो रहा है शोर शराबा

देश में लोकसभा चुनाव हो रहा है. लगभग हर राज्यों में चुनाव की शुरुआत हो चुकी है. सारी पार्टियां प्रचार प्रसार में मग्न हैं और कार्यकर्ता जी जान लगा कर प्रचार में व्यस्त हैं. हर बार की तरह इस बार भी चुनावी बिगुल फूंका गया, लेकिन बड़े ही शांत तरीके से. अन्य लोकसभा चुनाव से इस लोकसभा चुनाव में बहुत फर्क देखने को मिला है. चुनाव आयोग ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए इस लोकसभा को शांत तरीके से कराने का निर्णायक कदम उठाया है. पहले हर जगह प्रचार गाड़ी नारों के साथ पार्टी का प्रचार करती नजर आती थी, जिससे लोगों को परेशानी होती थी. रैलियां शांतिपूर्ण हो रही हैं. एक और खास बात, इस बार सोशल मीडिया प्रचार प्रसार में बड़ी भूमिका निभा रहा है. कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर प्रचार में लगे हुए हैं.

नीलेश मेहरा

कुछ अलग

चुनावी भाषणों का मौसम

वीना श्रीवास्तव
साहित्यकार
veena.rajshiv@gmail.com

नेताओं की तकदीर आजमानेवाला मौसम चल रहा है. जब आम-लीची का मौसम आता है, तो कोयल मस्ती में कूकती है और हम सब उसकी मीठी बोली पर फिदा रहते हैं. मगर इस चुनावी मौसम में कौवे कांव-कांव करते हैं. गधों के साथ गीदड़ भी हुंआ-हुंआ करते हैं, उल्लुओं का डेरा जमा रहता है. बस ऊपर वाले का करम है कि लोग जी रहे हैं, वर्ना ये नेता तो अब तक हमारा लहू चूस चुके होते. चाहे एक जनवरी हो या हिंदु कैलेंडर से चैत का महीना, हम भारतीय तो सब मना डालते हैं. नया साल ही क्यों, हम तो ईद, बुद्ध पूर्णिमा, नानक जयंती, क्रिसमस, दीपावली और होली सब बड़े जोश से मनाते हैं. हम हिंदुस्तानी जो ठहरे. अब आप सुधीजन इसका मतलब धर्म वाला हिंदू से मत लगा लेना. मेरा मतलब है कि जो हिंदुस्तान में रहते हैं, वे हिंदुस्तानी हैं. हम आपस में भाईचारा पर विश्वास रखते हैं, लेकिन हमारी नेता बिरादरी 'असली वाला चारा' तो गटक जाती है, लेकिन 'मानवता वाले चारे' को धरोहर के रूप में म्यूजियम में रखती है, ताकि हम बस देखकर ही सुकून कर लें.

बच्चे भी देखकर कहें कि ये गुण कभी हमारे देश के खेवनहारों के चरित्र में मजबूती से पाये जाते थे. वह जमाना और था, जब कोई और गुण हो न हो, लेकिन भाईचारा जरूर होता था. पहले मन से मन और भावनाओं का जुड़ाव ऐसा होता था कि मनमुटाव के बावजूद टोपी और तिलक गलबहियां डाले रहते थे. मगर अब गलबहियों के बीच खेवनहार कीकर की बाड़ क्या, बबूल लगाने में जुटे हैं. अब कोई कोशिश भी नहीं करता कि कीकर की जगह सौहार्दरूपी केसर की पौध लगाये, जिससे आपसी स्नेह की खुशबू पूरे देश में फैले. अब तो फिजा में कांटों की चुभन का आभास हो रहा है.

इसी बीच फिर आ गया चुनावी भाषणों का मौसम. नेताओं के मुख-मंडल पर इतनी सुहानी मुस्कान देखकर हैरत होती है कि तपती धूप, मूसलाधार बारिश, हाड़-मांस जमानेवाली सर्दी में भी हमारे नेता चुनावी मौसम में चेहरे पर शिकन तक नहीं लाते. इसी मुख-मंडल को देखकर लोग कहते हैं कि मजबूरी है, वर्मा कौन इनका चेहरा देखना चाहेगा. देख लो तो दिनभर लगता है भूख हड़ताल पर बैठे हैं. बस अपनी लार ही गटकते रहते हैं. रिश्तों की बयार भी बहने लगती है, मानो पछुआ चलने लगी है. सामने कोई भी आये, सभी पिता तुल्य होते हैं और महिलाएं, माता-बहनें होती हैं. उसके बाद पिता जी लतिया दिये जाते हैं और कुछ मां-बहनों की सिसकियां दफ्न हो जाती हैं.

चुनावी मौसम के बाद पवन देवता भी नेताओं के साथ पांच सालों के लिए विश्राम पर चले जाते हैं. उसके बाद कोई कितनी कोशिश करे, ऑफिसों, मंत्रालयों के चक्कर में पसीना बहाता रहे, पर मजाल क्या कि उसे सुखाने की कोई जुगत भी भिड़ायी जाये. तो मित्रों! आप अपने जीवन में प्रकृति द्वारा प्रदत्त मौसमों का ही आनंद लीजिये और चुनावी मौसम से आप आगामी मौसमों को किस तरह बदल सकते हैं, इस पर अच्छी तरह से सोच-विचारकर ही बिल्कुल सही का चुनाव करिये.

देश दुनिया से

भारत को जानकारी देने से अमेरिका ने किया इनकार

अमेरिकी सरकार ने बीते फरवरी में हुए भारत-पाक तनाव के दौरान पाकिस्तान एयरफोर्स द्वारा अमेरिका निर्मित एफ-16 फाइटर जेट के उपयोग में लाये जाने के बारे में भारत को कोई सूचना देने से इनकार कर दिया है. बीते रविवार को ट्रंप प्रशासन के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि भारत ने हमसे इस बारे में जानकारी मांगी थी कि 27 फरवरी, 2019 को पाकिस्तान ने एफ-16 एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल किया था. अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि यह अमेरिका और पाकिस्तान के बीच का मामला है, इसलिए यह जानकारी वह भारत को नहीं दे सकता. अमेरिकी अधिकारी ने यह भी कहा कि भारत इस बात को अच्छी तरह समझता भी है, क्योंकि अगर कोई तीसरा देश सी130 या सी17 एयरक्राफ्टों के बारे में कोई जानकारी मांगता है, तब भी हमारा जवाब ना में होगा, क्योंकि यह भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों का मामला है. गौरतलब है कि भारतीय वायुसेना ने मार्च में पेंटागन से यह शिकायत की थी कि पाकिस्तान ने बीते 27 फरवरी को भारत के खिलाफ एफ-16 एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल करके एंड-यूजर समझौते का उल्लंघन किया था. वहीं पाकिस्तान हमेशा ही भारत के इस आरोप को खारिज करता रहा है.

DAWN

कार्टून कोना

साभार : बीबीसी

पोस्ट करें : प्रभात खबर, 15 पी, इंडस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची 834001, **फैक्स करें** : 0651-2544006,
मेल करें : eletter@prabhatkhabar.in पर ई-मेल संक्षिप्त व हिंदी में हो. लिपि रोमन भी हो सकती है